कोटद्वार,शुक्रवार
4 अक्टूबर 2024
वर्षः 46
अंकः 156 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### शारदीय नवरात्र शुरू, लौटी बाजारों में रौनक

रुद्रप्रयाग : शारदीय नवरात्र शुरू होते ही जनपद के प्रमुख बाजारों में रौनक लौट आई है। वहीं, देवी मंदिरों में भक्तों की सुबह से ही भीड़ लगी रही। भक्तों ने नव दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। सिद्धपीठों में तो दर्शनों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। 16 दिनों से चले आ रहे श्राद्ध पक्ष के संपन्न होने के बाद नवरात्र को लेकर रौनक लौट आई है। मान्यता है कि शुभ कार्यों की शुरूआत नवरात्र से की जाती है। नवरात्र पूजन के साथ ही शादी-विवाह के लग्न शुरू होने से भी बाजारों में गांव-गांव से आने वाले लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। वहीं देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ ही दर्शनों के लिए सुबह से ही भक्त पहुंच रहे हैं। घर एवं मंदिरों में हरियाली का रोपण किया गया है। (एजेंसी)

### मंदाकिनी नदी में शव मिलने से मचा हड़कंप

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ हाईवे पर भटवाड़ी सैंण के पास मंदाकिनी नदी में एक शव बरामद हुआ। अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बुधवार शाम भटवाड़ीसैंण के मेदनपुर के पास किसी व्यक्ति के शव को मंदाकिनी नदी में बहते देखा गया। अंधेरा होने के कारण रात शव बाहर नहीं निकाला जा सका। गुरुवार सुबह आपदा प्रबंधन और पुलिस की टीम ने मंदाकिनी नदी से शव को निकाला। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। (एजेंसी)

### समुदाय विशेष के युवक संग युवती को देख मुखानी में फिर हंगामा

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र की भट्ट कॉलोनी में गुरुवार को समुदाय विशेष के एक युवक संग युवती को देखकर लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। बताया गया है कि यह युवती उक्त युवक के साथ कार में सवार थी। स्थानीय लोगों का विवाद जब बढ़ा तो मौके पर मुखानी थाना पुलिस पहुंची। लोगों को शांत करते हुए वनभूलपुरा निवासी युवक को थाने ले गई और शांति भंग में चालान की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, मुखानी थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती दिल्ली में नौकरी करती है। पिछले करीब 7–8 साल से युवती और वनभूलपुरा लाइन नंबर आठ निवासी जुबैर की दोस्ती है। गुरुवार को युवती दिल्ली से यहां पहुंची थी। जुबैर अपनी कार से युवती को उसके घर छोड़ने जा रहा था। घर पहुंचने के बाद युवती ने अपने परिजनों को फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा तो उनका जवाब आने तक युवक–युवती कार में ही बैठे थे। इसी बीच कॉलोनी और आसपास के लोग वहां पहुंचे और जुबैर को युवती के साथ देखने पर हंगामा शुरू खड़ा कर दिया। बवाल बढ़ा तो पुलिस तक सूचना पहुंची। मौके पर एसओ मुखानी विजय सिंह मेहता पुलिस टीम के साथ पहुंचे और युवक को थाने ले आए, तब लोगों की भीड़ शांत हुई। एसओ मुखानी ने बताया कि युवक का शांति भंग में चालान किया गया है।

### एलाइजा जांच में तीन मरीजों को डेंगू की पुष्टि

हरिद्वार। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या 12 पहुंच गई है। गुरुवार को मेला अस्पताल में डेंगू के 47 मरीजों की एलाइजा रिपोर्ट में तीन मरीजों को डेंगू की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट अनुसार डेंगू के सभी तीनों मरीज रुड़की के अलग अलग क्षेत्र के हैं। जिला मलेरिया अधिकारी गुरनाम सिंह ने बताया कि गुरुवार को एलाइजा जांच में पॉजीटिप आये मरीज रुड़की के भारापुर भोरी,नगर पंचायत रामपुर और नगर निगम क्षेत्र के गुलाबनगर के हैं।

### दिल्ली की युवती ने की आत्महत्या

हरिद्वार। परिजनों से नाराज होकर आई दिल्ली के युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। श्यामपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस की सूचना पर परिजन यहां पहुंच गए। एसओ नितेश शर्मा ने जानकारी दी कि गुरुवार दोपहर सूचना मिली की चीला मार्ग पर मछला कुंड आश्रम जाने वाले रास्ते पर एक युवती अचेत अवस्था में है। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर युवती के मुंह से झाग निकल रहा था।

# उत्तराखंड को पहली नवरात्रि पर मिली बड़ी सौगात

**● केंद्रीय पूल से मिलेगी 480 मेगावाट अतिरिक्त बिजली ● केंद्र सरकार ने एक हफ्ते में ही अतिरिक्त कोटा जून 2025 तक बढ़ाया**

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** प्रदेशवासियों को अब शीतकाल में भी निर्बाध बिजली मिलेगी। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को आवंटित अतिरिक्त बिजली कोटे में 180 मेगावाट की वृद्धि कर इसकी समयावधि को भी 30 जून 2025 तक के लिए बढ़ा दिया है। विगत 26 सितंबर को केंद्र की ओर से 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली 31 मार्च 2025 तक के लिए उत्तराखंड को आवंटित की गई थी। इस प्रकार अब कुल 480 मेगावाट अतिरिक्त बिजली केंद्रीय पूल से उत्तराखंड को मिलेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश को



बिजली संकट से निजात दिलाने के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर केंद्रीय पूल से उत्तराखंड को अतिरिक्त बिजली आवंटित करने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य में बिजली की मांग और उपलब्धता के बीच का अंतर लगातार बढ़ता जा रहा है। बिजली उत्पादन बढ़ाने को राज्य सरकार सौर ऊर्जा, हाइड्रो पावर और कोयले से बिजली उत्पादन के लिए दीर्घकालिक योजना पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री धामी की प्रभावी पैरवी पर केंद्र ने उत्तराखंड के लिए अतिरिक्त बिजली का कोटा बढ़ा दिया है। शीतकाल में बर्फबारी और अन्य कारणों से जल विद्युत परियोजनाओं के उत्पादन में गिरावट आने से राज्य में कई बार बिजली सप्लाई पर असर पड़ता है। अब केंद्रीय पूल से मिलने वाले अतिरिक्त कोटे में वृद्धि से उपभोक्ताओं को शीतकाल में भी निर्बाध बिजली मिलेगी।

### स्वाला की पहाड़ी से मलबा गिराने का काम शुरू

चम्पावत। नेशनल हाइवे में स्वाला की पहाड़ी से मलबा गिराने का काम शुरू कर दिया गया है। हर रोज रात आठ बजे से पहाड़ी से मलबा गिराया जाएगा। करीब 700 मीटर लंबे रैंप से पहाड़ी तक मशीनें पहुंचाई गई हैं। मलबा गिरान के साथ ही पहाड़ी में आई दरार भरने का कार्य भी किया जाएगा। गुरुवार से स्वाला के डेंजर जोन की पहाड़ी से मलबा हटाने का कार्य शुरू किया गया। मलबा गिराने के बाद यहां आई दरारों को भरने का भी काम किया जाएगा। कुछ दिन पूर्व मशीनें चढ़ाने के लिए डेंजर जोन से 300 मीटर चम्पावत की ओर ढेकिया खोला तोक को जाने वाली पैदल बटिया से 700 मीटर लंबा रैंप बनाने का काम पूरा किया गया था। जांच कमेटी ने पहाड़ी की चोटी का निरीक्षण कर मशीनों को पहाड़ी में चढ़ा कर मलबा साफ करने के बाद यहां आई दरारों की मरम्मत करने का सुझाव दिया था। जिसके बाद पहाड़ी तक मशीनें पहुंचाई गई। गुरुवार को दिन में पहाड़ी को समतल किया गया। हर रात आठ बजे पहाड़ी से मलबा हटाने का काम शुरू होगा। सुबह दस बजे से पूर्व सड़क से मलबे को हटाया जाएगा।


# बिहार के मंत्री बृज बिहारी मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**● 2 आरोपियों को उम्रकैद, पूर्व सांसद समेत 6 बरी**

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने आज 1998 में बिहार के मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में पूर्व सांसद सूरज भान सिंह को बरी कर दिया जबकि 2 आरोपियों को दोषी ठहराया है। दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इससे पहले पटना हाईकोर्ट ने सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने दोषी मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने फैसले में दोनों को 15 दिन के भीतर सरेंडर करने को कहा है। साथ ही पूर्व सांसद सूरज भान सिंह, राजन तिवारी सहित 6 लोगों को बरी करने का फैसला सुनाया है।

बिहार के विज्ञान एवं प्राद्यौगिकी मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड मामले में पटना हाई कोर्ट ने साल 2014 में सबूतों के अभाव में सभी आठ आरोपियों को




बरी कर दिया था।हाईकोर्ट ने अपने फैसले में जनता दल यूनाइडेट के नेता और पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला, पूर्व सांसद सूरज भान, पूर्व विधायक राजन तिवारी समेत आठ लोगों को इस मामले में बरी किया था।

आरोपियों को बरी करने के फैसले को मंत्री की पत्नी रमा देवी और सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की अपील पर 22 अगस्त को सुनवाई पूरी की थी और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। निचली अदालत ने लंबी सुनवाई के बाद आठ आरोपियों को साल 2009 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। लेकिन मामला जब हाई कोर्ट पहुंचा तो वहां पर आरोपियों को बरी कर दिया गया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने फैसले में छह आरोपियों को बरी करते हुए दो को दोषी माना और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुना दी।

बता दें 13 जून 1998 को बिहार के तत्कालीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या कर दी गई थी। राजधानी पटना के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी के माफिया डॉन श्रीप्रकाश शुक्ला ने एके–47 से ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर उन्हें मार दिया था।

# राज्य चुनाव आयोग प्रत्यावेदन पर चार हफ्ते में निर्णय लें : हाईकोर्ट



नैनीताल। हाईकोर्ट ने मसूरी नगरपालिका परिषद में लोकसभा चुनाव के बाद अचानक मतदाताओं की संख्या बढ़ जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने याचिका को निस्तारित करते हुए कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय ले। मसूरी निवासी अनुराग थपलियाल ने यह याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि पूर्व में उच्च न्यायालय के आदेश पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने नगर पालिका के 13 वार्डों की मतदाता सूची का सत्यापन किया। सत्यापन के बाद जो 1375 मतदाता अवैध पाए गए थे, उनका नाम मतदाता सूची से हटाने के निर्देश दिए गए। कई मतदाता ऐसे पाए गए, जिनका मसूरी नगर पालिका से कोई नाता नहीं है। ये वे मतदाता हैं जो मसूरी के आसपास की ग्राम पंचायतों के रहने वाले हैं। सूची में कई ग्राम प्रधान भी शामिल हैं। याचिका में कहा गया है कि 2022 के विधानसभा चुनाव के समय मसूरी पालिका में 18 हजार से कम मतदाता थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में 18500 मतदाता थे और अब होने वाले पालिका चुनाव में मतदाता सूची में यह संख्या अचानक बढ़कर 24, 500 पहुंच चुकी है। शिकायत करने पर इनके दस्तावेजों की जांच की गई और 1375 मतदाताओं का नाम सूची से हटाया गया। याचिका में कहा है कि अब भी सूची में 1000 से अधिक वोटर ऐसे हैं, जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सूची में शामिल किए गए हैं। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में भी सभी अवैध मतदाताओं की आपत्तियां अलग–अलग आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत कीं।

### दिल्ली में डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली ,दिल्ली के जैतपुर में कालिंदी कुंज इलाके में एक निजी नर्सिंग होम में गुरुवार को एक डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान डॉ. जावेद अख्तर (55) के रूप में हुई है। वह नीमा अस्पताल में यूनानी डॉक्टर थे। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद जिला अपराध टीम और एफएसएल रोहिणी टीम घटनास्थल पर पहुंची। अस्पताल के कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि दो नाबालिग चिकित्सा केंद्र (मेडिकल फैसिलिटी) में आये और रात एक बजे ड्रेसिंग बदलने की मांग की। इन दोनों में से एक का एक दिन पहले पैर की चोट का इलाज हुआ था। कर्मचारियों ने बताया कि बाद में नाबालिगों ने कहा कि उन्हें दवा की पर्ची चाहिए और वे डॉ. जावेद अख्तर के केबिन में गए, जिसके बाद गोली चलने की आवाज आई। जब वे डॉक्टर के केबिन में पहुंचे तो उन्हें मृत पाया। नीमा अस्पताल के कंपाउंडर आबिद ने बताया कि डॉ. अख्तर के सिर में गोली लगी थी। पुलिस ने कहा कि यह लक्षित हत्या का मामला हो सकता है। संदिग्धों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है।

# नवरात्रि के पहले दिन भारत की भूमि से शुरू हुए कैलाश पर्वत के पवित्र दर्शन

**● यात्रियों के 5 सदस्यीय दल ने पिथौरागढ़ की 18 हजार फीट ऊंची लिपुलेख पहाड़ियों से किए दर्शन**



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : भारत की भूमि से ही पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन करने का शिव भक्तों का सपना आज पूरा हो गया है। नवरात्रि के पहले दिन यात्रियों के पांच सदस्यीय दल ने पिथौरागढ़ जिले में स्थित ओल्ड लिपुलेख से माउण्ट कैलाश के दर्शन किए। कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शन से श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। केंद्र सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तर-ाखण्ड सरकार ने यात्रा के सफल संचालन के लिए कमर कस ली थी। कुमाऊं मण्डल विकास निगम ने इसके लिए बाकायदा एक टूर पैकेज घोषित किया है।

उत्तराखण्ड विकास परिषद की पहल पर कुमाऊं मण्डल विकास निगम ने माउंट कैलाश के दर्शन के लिए 5 दिवसीय टूर पैकेज बनाया है। इस पैकेज में भगवान शिव के दो अन्य धाम आदि कैलाश एवं ऊँ पर्वत के दर्शन भी सम्मिलित हैं। पैकेज के तहत यात्रियों के पहले 5 सदस्यीय ग्रुप ने गुरुवार को माउंट कैलाश के दर्शन किए। यात्रियों के ग्रुप को बीते बुधवार को हैलीकॉप्टर के माध्यम से पिथौरागढ़ के गूंजी नामक स्थान पर पहुँचाया गया। गुरुवार को सभी यात्रियों को सड़क मार्ग द्वारा ओल्ड लिपुलेख से ॐ पर्वत और माउण्ट कैलाश के दर्शन कराये गये। कल इन सभी यात्रियों को जौलिकाँग से आदि कैलाश के दर्शन करवाकर गूंजी में रात्रि विश्राम करवाया जायेगा। इसके बाद 5 अक्टूबर को सभी यात्रियों को हैलीकॉप्टर के माध्यम से वापस पिथौरागढ़ हुँचाया जायेगा। इस यात्रा दर्शन कार्यक्रम में नीरज मनोहर लाल चौक से, सुश्री मोहिनी नीरज चौक से, अमनदीप कुमार जिंदल, केवल कृष्ण, नरेन्द्र कुमार सम्मिलित हैं। इस यात्रा दर्शन को आये श्रद्धालु श्री चौकसे ने बताया कि भगवान शिव के इन पवित्र धामों के दर्शन कर उनको बेहद सुख की अनुभूति हुई है। माउंट कैलाश, आदि कैलाश एवं ऊँपर्वत के अलौकिक सौंदर्य के दर्शन ने उनको मंत्रमुग्ध कर दिया है। वहीं अन्य श्रद्धालु श्री जिन्दल ने बताया कि भगवान शिव के इन धामों के दर्शन कर उनको मानो स्वर्ग की प्राप्ति हो चुकी है। प्रकृति के इस विहंगम दृश्य को देखते ही मन को अलग ही सुख की प्राप्ति हो रही है। उन्होंने इस यात्रा को संचालित करने के लिए सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।

### पहले यात्रा के लिए पार करना पड़ता था चीन बार्डर

कोरोना काल से पहले तक केन्द्र सरकार कुमाऊं मंडल विकास निगम के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा कराती थी। तब शिव भक्त लिपुपास से पैदल यात्रा कर चीन बार्डर पार कर कैलाश मानसरोवर के दर्शन करते थे। कोरोना काल के बाद से यह यात्रा बंद पड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर भारत चीन विवाद के कारण अभी तक चीन सरकार ने भारत सरकार को कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए अपनी सहमति नहीं दी है। लंबे समय से शिव भक्त कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने को आतुर थे। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने भारत की भूमि से ही श्रद्धालुओं को पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन कराने का फैसला लिया।

# हरियाणा की गली–गली से एक ही आवाज, भरोसा दिल से, भाजपा फिर से : पीएम मोदी

नई दिल्ली ,हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार खत्म होने के ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की जनता के नाम सोशल मीडिया पर एक मैसेज लिखा। इसमें पीएम मोदी ने दावा किया कि हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की गली से एक ही आवाज आ रही है, भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि हरियाणा की देशभक्त जनता, कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अब से कुछ देर में हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान समाप्त हो जाएगा। बीते कुछ दिनों में मैंने पूरे राज्य



की यात्रा की है। मैंने लोगों का जो उत्साह देखा है, उसे देखकर मुझे ये पक्का विश्वास है कि हरियाणा के लोग भाजपा को फिर अपना आशीर्वाद देने वाले हैं। हरियाणा के देशभक्त लोग, कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने आरक्षण का जिक्र कर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस के नेताओं ने आरक्षण खत्म करने का बयान देकर अपने इरादे जता दिए हैं। हरियाणा का पिछड़ा और दलित समुदाय जातिगत हिंसा रोकने में विफल रहने पर पहले से ही कांग्रेस से नाराज चल रहा है। इसलिए, लोगों ने कांग्रेस को फिर कड़ी सजा देने का मन बना लिया है। हरियाणा की गली–गली से एक ही आवाज आ रही है– भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। पोस्ट के अंत में पीएम मोदी ने लिखा, आज पूरी दुनिया की नजरें भारत पर हैं। दुनिया, भारत की ओर बहुत आशा और उम्मीद से देख रहा है। ऐसे में यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि हरियाणा के लोग एक ऐसी सरकार चुनें, जो भारत को मजबूती देने की दिशा में प्रयास करे।

### एलपीयू के चांसलर सांसद अशोक मित्तल के घर शिफ्ट होंगे केजरीवाल

नई दिल्ली ,दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के घर शिफ्ट होंगे। इस बारे में अशोक मित्तल ने कहा कि जब कुछ दिन पहले केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा दिया, तो मुझे कुछ समय बाद पता चला कि उनके पास रहने के लिए घर नहीं है, मैंने उन्हें अपने दिल्ली वाले घर में रहने के लिए आमंत्रित किया, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि उन्होंने मेरा घर चुना है। अशोक मित्तल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर हैं।

अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से ही विधायक हैं। केजरीवाल के नए ठिकाने से रविशंकर शुक्ला लेन स्थित आप मुख्यालय से कुछ ही मीटर की दूरी पर हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 में होना प्रस्तावित हैं।

**नूंह में गरजे राहुल**

# कहा-बीजेपी-आरएसएस के लोग पूरे देश में नफरत फैलाते हैं

नूंह ,कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के नूंह में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस के लोग पूरे देश में नफरत और विभाजन की राजनीति कर रहे हैं। राहुल ने अपने भाषण में कहा, देश को जोड़ने और एकजुट रखने की जिम्मेदारी हमारी है। हमें मिलकर इस नफरत को मिटाना होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, लड़ाई संविधान की है। हम मोहब्बत फैलाते हैं, वे नफ्रत फैलाते हैं...छोटी–छोटी पार्टियां घूम रही



हैं। ये भाजपा की एबीसीडीईएफ टीम हैं। इनको समर्थन मत दीजिए। कांग्रेस को वोट दीजिए। राहुल ने कहा हरियाणा के युवाओं को अमेरिका में रोजगार मिल जाएगा, लेकिन यहां रोजगार नहीं मिल सकता है। नरेंद्र मोदी बड़ी–बड़ी बातें करते हैं, मगर ये नहीं बताते हैं कि हरियाणा बेरोजगारी में पहले नंबर पर कैसे पहुंचा। नरेंद्र मोदी अरबपतियों की सरकार चलाते हैं। वो अरबपतियों का कर्ज माफ कर देते हैं, लेकिन गरीबों और किसानों का कर्ज माफ नहीं करते। राहुल गांधी बोले ये संविधान बचाने का चुनाव है।देश के गरीबों, किसानों, मजदूरों को जो भी मिला है, वो संविधान ने दिया है। लेकिन ब्छ्क–त्रस्् के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं। अगर संविधान नहीं रहा तो गरीबों के हाथ में कुछ नहीं बचेगा और आपका सारा धन 20–25 लोगों के पास चला जाएगा।इसलिए कांग्रेस पार्टी हर चुनाव में संविधान बचाने की लड़ाई लड़ती है।

# जो राहुल खटाखट–खटाखट कहने आते थे, वह मैदान छोड़कर पहले ही सफा–चट हो गए : सीएम योगी

जींद , हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को कई दिग्गज अपनी पार्टी की जीत के लिए पूरा दमखम लगाते दिखे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हरियाणा के कुरुक्षेत्र, कैथल और जींद में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खटाखट–खटाखट वाले बयान पर भी तंज कसा। सीएम योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठ फैलाया था कि फिर से भाजपा सरकार बनी तो संविधान और आरक्षण समाप्त कर देगी। कितना बड़ा झूठ बोला था। विपक्षियों ने यह भी कहा था कि चुनाव के बाद हर गरीब को एक लाख रुपये देंगे।



कांग्रेस से पूछिए कि उनका खटाखट–खटाखट कहां है? खटाखट–खटाखट कहने वाले राहुल गांधी मैदान छोड़कर सफा–चट हो चुके हैं। समाज को जाति, क्षेत्र, भाषा और मजहब के नाम पर बांटना कांग्रेस के डीएनए का पार्ट है, जिससे देश को कमजोर किया जा सके। देश कमजोर होगा तो सनातन समाज कमजोर होगा। सीएम योगी ने सभी को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने शाहबाद से भाजपा उम्मीदवार सुभाष कलसाना, कलायत से विधायक और प्रत्याशी कमलेश ढांडा और सफीदों से रामकुमार गौतम के लिए वोट मांगा। उन्होंने कुरुक्षेत्र की पावन धरती की महत्ता बताते हुए इसे युद्ध क्षेत्र के साथ धर्म क्षेत्र भी कहा। उन्होंने कहा कि समाज को जाति, क्षेत्र, भाषा, मत–मजहब के नाम पर बांटना कांग्रेस के डीएनए का पार्ट है, जिससे देश को कमजोर किया जा सके। देश कमजोर होगा तो सनातन कमजोर होगा। सनातन कमजोर होगा तो वर्तमान असुरक्षित और भावी पीढ़ी का भविष्य खराब होगा। कांग्रेस साजिश करने के लिए एड़ी–चोटी लगाती है, इसलिए कोई भी ईमानदार, सभ्य, विकास और सुरक्षा का आग्रही व्यक्ति उनके साथ खड़ा नहीं होता है।

### पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन की मुश्किलें बढ़ी, ईडी ने भेजा समन

नई दिल्ली , टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने समन भेजा है। अजहरुद्दीन पर हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में गड़बड़ी का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, एसोसिएशन में फंड में 20 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई है। अजहरुद्दीन को आज ईडी के सामने पेश होना है। ईडी ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। ईडी ने तेलंगाना में 9 स्थानों पर छापेमारी की थी और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए थे। यह पूरा मामला हैदराबाद के राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में वित्तीय अनियमितता का है।

# 5 हजार करोड़ के इंटरनेशनल ड्रग्स केस में बड़ा खुलासा

**मास्टरमाइंड के तार कांग्रेस से जुड़े**

नई दिल्ली ,दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 5 हजार करोड़ रुपए के इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट में चौंकाने वाला खुलासा किया। इस खुलासे ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। मास्टरमाइंड तुषार गोयल का नाम सामने आया है, जो 2022 तक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के आरटीआई सेल का चेयरमैन रह चुका है। गोयल की कांग्रेस से जुड़ी पृष्ठभूमि और ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़े तार ने इस मामले को और भी संवेदनशील बना दिया है। स्पेशल सेल की पूछताछ में तुषार गोयल ने यह खुलासा किया कि वह कांग्रेस के आरटीआई सेल का प्रमुख था, और उसने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर आरटीआई सेल चेयरमैन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस लिखा हुआ है। इसके अलावा, गोयल ने डिग्गी गोयल के नाम से भी एक प्रोफाइल बनाई हुई है। जांच के दौरान, कई कांग्रेस नेताओं के साथ गोयल के फोटो भी सामने आए हैं। इस ड्रग्स सिंडिकेट के तार दुबई से जुड़े हुए पाए गए हैं। स्पेशल सेल की जांच में एक बड़े दुबई कारोबारी का नाम सामने आया है, जो कोकीन का प्रमुख सप्लायर है। यह जानकारी सामने आई है कि दुबई की 'डी' कंपनी ड्रग्स की खरीद–फरोख्त के लिए एक सेफ जोन के रूप में जानी जाती है और एजेंसियों को इस संबंध में पुख्ता जानकारी थी।

## सम्पादकीय

# परंपरागत ऊर्जा का विकल्प

सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार पहले से ही योजनाएं संचालित कर रही है और अब केंद्र सरकार की सूर्य घर योजना के बाद उत्तराखंड ने इसके लिए मिलने वाले आवेदनों के निपटारे में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। मांग और आपूर्ति बढ़ाने के साथ–साथ परंपरागत संसाधनों से विद्युत आपूर्ति करना अब चुनौती पूर्ण साबित होने लगा है। इसके लिए लंबे समय से वैकल्पिक संसाधन तलाशी जा रहे हैं जिसमें सौर ऊर्जा एक सबसे शासन और सस्ता विकल्प साबित हुआ है। उत्तराखंड में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित है जिसे स्वरोजगार से भी जोड़ा गया है। योजना के तहत न केवल सरकार उपभोक्ताओं को सब्सिडी दे रही है बल्कि उत्पादित विद्युत को खरीदने का प्रावधान भी रखा गया है। अच्छी बात यह है कि आज उत्तराखंड की कई युवाओं ने सौर ऊर्जा को स्वरोजगार के तौर पर अपनाया है और अपनी खाली पड़ी जमीनों या चो पर सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन कर रहे हैं। या विद्युत न केवल उनके निजी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है बल्कि राज्य सरकार भी खरीदे जाने वाली बिजली का भुगतान कर रही है। "मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना" के प्रति भी लोगों की रुचि बढ़ रही है। उत्तराखंड सरकार सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए गंभीर नजर आ रही है जिसके तहत "प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना" में आवेदनों के डिस्पोजल रेट में उत्तराखण्ड देश में पहले नम्बर पर खड़ा हो गया है। योजना के तहत 174 मेगावाट की परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है जिसे सरकार एक लक्ष्य के रूप में लेकर पूरा करने का प्रयास कर रही है। उत्तराखंड में पहले से ही मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना संचालित है जिसमें समय के साथ संशोधन भी किया जा रहे हैं और इसी का परिणाम है कि गाइडलाइन में संशोधन के बाद इस योजना के प्रति लोगों की तेजी से रूचि बढ़ी। "प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना" सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उत्तराखंड में अच्छा असर देखने को मिल रहा है। इस योजना में भी राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा भी इस योजना के तहत सब्सिडी दी जा रही है। आने वाले समय में न केवल निजी प्रयोग के लिए बल्कि सरकार अब सभी सरकारी भवनों में भी इस योजना के तहत सोलर प्लांट लगाएगी। परंपरागत बिजली उत्पादन की चुनौतियों को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा आज एक आवश्यकता बन गई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, राज्य में ऊर्जा उत्पादन के साथ–साथ स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के माध्यम से न केवल राज्य के दूर–दराज के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, बल्कि युवाओं और ग्रामीणों को अपने गांवों में रोजगार के अवसर प्रदान किया जा सकते हैं। आज जहां उत्तराखंड के पहाड़ खाली हो रहे हैं वहां इस योजना को यदि सरकार वृहद तौर पर पहुंचाने का प्रयास करती है तो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में पहाड़ों की स्थिति भी बदल सकती है और राज्य बिजली उत्पादन के क्षेत्र में पूर्ण तौर पर आत्मनिर्भर बन सकता है।

# सजा देने का काम पुलिस का नहीं

**अजीत द्विवेदी**

भारत में या किसी भी सभ्य समाज में मुठभेड़ में या पुलिस और न्यायिक हिरासत में आरोपियों या अपराधियों का भी मारा जाना समूची व्यवस्था के ऊपर धब्बा होता है। यह अपराध न्याय प्रणाली और समाज व्यवस्था पर कलंक है। किसी भी व्यक्ति के ऊपर आरोप चाहे जितने भी गंभीर हों लेकिन उसे सजा देने का काम पुलिस का नहीं है। उसे कानून के हिसाब से अदालत से सजा मिलेगी। पुलिस को न्याय करने का अधिकार नहीं है। और पुलिस की इन मासूम कहानियों का भी कोई अर्थ नहीं होता है कि हथकड़ी में बंद आरोपी ने पुलिस वालों से हथियार छीन लिए या भागने की कोशिश की और इस क्रम में पुलिस के हाथों मारा गया।

इस तरह की मनोहर कहानियां समूची न्याय व्यवस्था का मजाक उड़ाने वाली होती हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि अदालतें आमतौर पर इन कहानियों पर यकीन कर लेती हैं। यह अच्छा है कि महाराष्ट्र के बदलापुर में अक्षय शिंदे की इनकाउंटर में हुई हत्या की कहानी पर हाई कोर्ट को यकीन नहीं हुआ है। अदालत ने कहा है कि पुलिस की कहानी में इतने झोल हैं कि उस पर यकीन करना मुश्किल है। परंतु जब अदालतें पुलिस की कहानियों पर यकीन नहीं करती हैं तब भी थोड़ी बहुत फटकार या सख्ती के बाद बात आई गई हो जाती है।

इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस पहल नहीं होती है। ध्यान रहे भारत में फर्जी मुठभेड़ को अपराध और मौलिक अधिकार का उल्लंघन माना जाता है लेकिन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के एक पुराने आंकड़े के मुताबिक 2002 से 2017 के बीच भारत में 1,728 फर्जी इनकाउंटर हुए थे।

बहरहाल, असली मुठभेड़ आतंकवादियों के साथ होती है या नक्सलियों के साथ होती है। असली मुठभेड़ दंतेवाड़ा में होती है, जहां बहादुर जवान जान गंवाते हैं। असली मुठभेड़ जम्मू कश्मीर में होती है, जहां इस साल जुलाई में 10 जवान शहीद हुए हैं। असली मुठभेड़ मुंबई पर हुए आतंकी हमले के समय हुई थी, जिसमें मुंबई पुलिस के अनेक डेकोरेटेड और जांबाज अधिकारी शहीद हुए थे। इस राज्य या उस राज्य की पुलिस जो मुठभेड़ करती है, जिसमें किसी पुलिस वाले की बांह में या किसी की जांघ में गोली लगती है वह आमतौर पर फर्जी होती है। अगर राज्यों की पुलिस की एसटीएफ या एटीएस के ये जवान इतने ही जांबाज हैं तो इनको तत्काल बस्तर और दंतेवाड़ा में या कश्मीर और मणिपुर भेजा जाना चाहिए।

हकीकत यह है कि राज्यों में बनी ज्यादातर एसटीएफ या एटीएस का काम कानून व्यवस्था पर राज्य की सरकारों के लिए धारणा बनाने या धारणा को नियंत्रित करने का हो गया है।

जब कानून व्यवस्था का सवाल उठता है और लोग नाराज होते हैं तो ये लोग कुछ आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराते हैं। इसके लिए उन्हें इनाम इकराम मिलते हैं। समाज में कुछ लोग इनके लिए तालियां बजाते हैं लेकिन उनको नहीं पता होता है कि वे एक भस्मासुर पैदा कर रहे हैं, जिसका शिकार वे खुद भी हो सकते हैं।

बहरहाल, अभी देश मुठभेड़ की तीन घटनाओं को लेकर आंदोलित हैं। कहीं कहीं लोग रोमांचित भी हैं। लेकिन लोगों का क्या है! ये तीन प्रतिनिधि घटनाएं हैं। इनमें से एक उत्तर प्रदेश की घटना है, दूसरी महाराष्ट्र की है और तीसरी तमिलनाडु की है। यानी उत्तर, पश्चिम और दक्षिण भारत की एक जैसी कहानी है। उत्तर प्रदेश में कुछ दिन पहले एक डकैती हुई, जिसमें शामिल एक कथित आरोपी मंगेश यादव को यूपी पुलिस की एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। मुठभेड़ के बाद की जो तस्वीरें मीडिया में आईं उसमें टीम का नेतृत्व करने वाले अधिकारी हवाई चप्पल में ही थे और किसी ने भी मुठभेड़ में पहनी जाने वाली कॉम्बैट ड्रेस नहीं पहनी थी। इसे लेकर खूब मजाक बना। लेकिन इस मुठभेड़ को लेकर राजनीतिक विवाद भी शुरू हो गया।

समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने मंगेश यादव की मौत का मामला उठाया और दूसरे आरोपी अनुज प्रताप सिंह के बच जाने का जिक्र किया। इसके बाद मीडिया में ठाकुरवाद बनाम यादव-वाद की बहस शुरू हुई। जब बहस बढ़ी तो पुलिस ने अनुज प्रताप सिंह को भी मार गिराया। इसके बाद बड़े बेशर्म तरीके से धारणा प्रबंधन का काम शुरू हो गया, जिसमें कहा जाने लगा कि इस राज में किसी जाति को नहीं बख्शा जाता है।

इस प्रचार में दो बुनियादी गड़बडियां हैं। पहली तो यह कि किसी आरोपी को मार डालने का काम पुलिस का नहीं है और वह श्रेय नहीं ले सकती है कि उसने न्याय कर दिया, किसी को नहीं बख्शा? दूसरे, सरकार के बारे में धारणा प्रबंधन के लिए किसी की जान ले लेना, सभ्य समाज और लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं है, बल्कि शर्म की बात है।

दूसरी घटना महाराष्ट्र की है, जहां बदलापुर में नाबालिग बच्चियों से यौन दुर्व्यवहार करने वाले अक्षय शिंदे को राज्य पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। अक्षय शिंदे ठाणे पुलिस की क्राइम ब्रांच की हिरासत में था। उसके ऊपर अपनी पत्नी से बलात्कार का आरोप भी लगा था और उसकी जांच के सिलसिले में ठाणे पुलिस उसे लेकर बदलापुर गई। बाद में पुलिस ने कहा कि उसने पुलिस हिरासत से निकल कर भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग की, जिसमें एक जवान घायल हुआ। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने अक्षय शिंदे को मार गिराया। सोचें, इस कहानी में कितने झोल हैं?

सबसे पहले तो यह बात आती है कि चारों तरफ से पुलिस से घिरा कोई आरोपी क्यों भागने की जोखिम लेगा? दूसरे, हथकड़ी में बंधा आरोपी कैसे पुलिस से हथियार छीन लेगा और फायरिंग भी कर देगा? और सबसे अहम सवाल जो हाई कोर्ट ने पूछा कि असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी को क्या नहीं पता है कि ऐसी स्थिति में पैर में गोली मारते हैं? आरोपी अक्षय शिंदे को एक ही गोली लगी है और वह भी सिर में!

कुछ दिन पहले ही उत्तराखंड पुलिस ने ऐसी ही मासूम कहानी सुनाई थी कि पुलिस से छूट कर आरोपी भागा और तालाब में डूब कर मर गया। उत्तर प्रदेश में भी एक आरोपी पुलिस की गिरफ्तार से छूट कर भागा था और तालाब में डूब कर मर गया था। सोचें, कहीं ऐसा होता है? लेकिन भारत में न सिर्फ होता है, बल्कि पुलिस की इन कहानियों को भरोसा भी कर लिया जाता है। अक्षय शिंदे के मामले में कहानी कुछ ज्यादा अविश्वसनीय हो गई तो सीआईडी की जांच बैठा दी गई, जो निश्चित रूप से मुठभेड़ को सही ठहराएगी। आम लोगों ने इस मौत पर खुशी मनाई और लड्डू बांटे तो अब उसके बाद क्या न्यायिक कार्रवाई होगी? लोगों ने फैसला सुना दिया? लोग भी हिंसक और कुछ हद तक जॉम्बी होते जा रहे हैं।

बहरहाल, तीसरी घटना तमिलनाडु के चेन्नई की है। चेन्नई में सीजिंग राजा नाम के एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। उसके ऊपर हत्या और हत्या के प्रयास सहित 30 मुकदमे थे और वह कई मामलों में वांछित था। उसके ऊपर बसपा के नेता आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या का भी आरोप लगा था। लेकिन बाद में पता चला था कि उसका उस घटना में हाथ नहीं है।

सीजिंग राजा को आंध्र प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया था और चेन्नई पुलिस को सौंप दिया था। वह भी पुलिस की हिरासत में था। पुलिस ने वहां भी वही मासूम कहानी सुनाई कि उसने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की और पुलिस पर हमला किया और जवाबी कार्रवाई में मारा गया।

सोचें, कितना सुविधाजनक तर्क है! इस तर्क से तो पुलिस किसी की हत्या कर सकती है फिर कानून के राज का क्या होगा? क्या सरकारों और अदालतों को यह बात समझ में नहीं आ रही है कि पुलिस जैसी संगठित फोर्स को अगर इस तरह की छूट मिलती रही और न्याय से बरसों, दशकों तक वंचित रहे नागरिक इसका समर्थन करते रहे तो आने वाले दिनों में कैसी भयावह स्थिति होगी? हम उस स्थिति तक पहुंचे उससे पहले इस तरह की घटनाओं को रोकना होगा।

## वन नेशन, वन इलेक्शन को औपचारिक मंजूरी

भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख कायम रखने की है। ऐसी कई समस्याएं बढ़ती गई हैं, जिनकी वजह से भारतीय चुनावों पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रिय योजना वन नेशन, वन इलेक्शन' को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसका अर्थ यह है कि अब सरकार इस योजना को लागू करने की दिशा में काम करेगी। यह कैसे होगा, इसका मोटा खाका रामनाथ कोविंद कमेटी ने बनाया था। उसके मुताबिक लोकसभा चुनाव वाले वर्ष में सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी कराए जाएंगे। कोविंद कमेटी ने जब अपनी रिपोर्ट पेश की थी, तब भी इससे ज्यादा स्पष्टता नहीं बनी थी, ना कैबिनेट के हरी झंडी देने के बाद अब इसका पूरा ब्लू प्रिंट उभरा है। इसलिए कहा जाएगा कि अभी तक यह योजना महज एक इरादा ही है। सत्ता पक्ष चाहता, तो महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभाओं के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करवा कर इस योजना को अधिक विश्वसनीय बना सकती था। लेकिन बाकी बातें तो दूर, हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के साथ–साथ महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव भी नहीं कर जा सके। वैसे भी भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख बहाल करने की है।

पहला मुद्दा निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का था, जिसमें होनी वाली नियुक्ति प्रक्रिया को पिछले वर्ष सरकार ने मनमाने ढंग से बदल दिया। आम चुनाव के दौरान आयोग का रुख लगातार सवालों के घेरे में रहा। आयोग ने मतदान प्रतिशत बताने में जैसी देर की और बाद में गिरे वोटों की संख्या में जितनी वृद्धि बताई गई, उससे साख का संकट खड़ा हुआ है। चुनाव परिणाम को लेकर जैसे प्रश्न इस बारे उठे, वैसा भारत के चुनावी इतिहास में कभी नहीं हुआ था। इसके अलावा धन का कसता जा रहा शिकंजा चुनावों के प्रातिनिधिक दायरे को लगातार सिकोड़ रहा है। अब इसी पृष्ठभूमि में वन नेशन, वन इलेक्शन योजना सरकार ले आई है। स्वाभाविक है कि सहज गले लगाने के बजाय जनमत का एक बड़ा हिस्सा इसे विरोध भाव के साथ देखेगा। जन विश्वसनीयता और सहमति किसी लोकतंत्र के संचालन की पूर्व शर्त होती हैं। मगर वर्तमान सरकार ऐसे तकाजों की परवाह नहीं करती। फिर उसने वही नजरिया दिखाया है।

## चीन विरोधी रुख क्वॉड–2024 में मुख्य थीम

बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो–टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर हमारा इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो–पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड–2024 में मुख्य थीम बना रहा। वैसे तो अमेरिका के डेलवेयर में आयोजित क्वॉड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वॉड) शिखर सम्मेलन की विदाई बैठक कहा गया था, लेकिन यहां इसके सदस्य देशों ने चीन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। इसे विदाई बैठक इसलिए कहा गया, क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की इसमें आखिरी भागीदारी थी। अगले कुछ महीनों में दोनों अपने पद से रिटायर्ड हो जाएंगे। लेकिन जाते–जाते बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो–टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर हमारा इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो–पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड–2024 में मुख्य थीम बना रहा। जारी साझा बयान में कहा गया– हम विवादित पक्षों के सैन्यीकरण और दक्षिणी चीन सागर में बलपूर्वक और धमकाने वाले पैतरों पर गंभीर चिंता जाहिर कर रहे हैं। इसके बावजूद क्वॉड नेता चीन का सीधे नाम लेने से बचे। यहां तक कि बाइडेन ने बैठक में जब कहा कि 'चीन लगातार आक्रामक बर्ताव कर रहा है और समूचे क्षेत्र में हमें जांच रहा है', तो बताया गया कि ये टिप्पणी सार्वजनिक तौर पर नहीं की जानी थी। लेकिन संभवतः बाइडेन का माइक्रोफोन गलती से ऑन रह जाने की वजह से यह सबको सुनाई दे गया। उधर प्रधानमंत्री मोदी ने यह जिक्रकरना जरूरी समझा कि क्वॉड किसी देश विशेष के खिलाफ नहीं है। उन्होंने पहले की ही तरह क्वॉड को सकारात्मक एजेंडे से संचालित बताने की कोशिश की।

# सरकार का बड़ा निराशाजनक कदम

**अशोक शर्मा**

9 अगस्त को कोलकाता के आर.जी. कर अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद एक महिला डॉक्टर की नृशंस बलात्कार एवं हत्या के बाद तरह–तरह की टिप्पणियां एवं अजीबोगरीब बयान सामने आए हैं। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों में से एक में महिलाओं के लिए रात की ड्यूटी कम करने की बात कही गई है। इसके अनुसार "जहां तक संभव हो, महिलाओं के लिए रात की ड्यूटी को यथासंभव टाला जाना चाहिए" । ये बात समझ से परे है कि ये निर्देश कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेंगे? यह रूढ़िवादी कदम महिलाओं के ऊपर होने वाली हिंसा को रोकने के बजाय विभिन्न कार्य क्षेत्रों से महिलाओं की संख्या को बहुत कम कर देगा। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के तिमाही बुलेटिन के अनुसार, भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की शहरी महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी दर अप्रैल–जून 2024 में 25.2% आंकी गई है जोकि बेहद कम है। केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवाओं, फैक्ट्रियों कॉल सेंटर, ऑटो ड्राइवर, होटल और पत्रकारिता आदि जैसे पेशों में कार्यरत महिलाएँ कहीं भी और कभी भी सुरक्षित रूप से काम करने में सक्षम हों। काम पर उनके समय को कम करने से महिलाओं की नौकरी और उनकी वित्तीय स्वतंत्रता ही खत्म होगी। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जारी अन्य दिशानिर्देशों के अंतर्गत रत्तिरेर शाथी (रात्रि के साथी)' नामक अभियान की शुरुआत की गई है जिसके अनुसार महिलाओं के लिए अलग से विश्राम कक्ष और शौचालय बनाने, सीसीटीवी के साथ सुरक्षित क्षेत्र बनाने और एक विशेष

केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवाओं, फैक्ट्रियों कॉल सेंटर, ऑटो ड्राइवर, होटल और पत्रकारिता आदि जैसे पेशों में कार्यरत महिलाएँ कहीं भी और कभी भी सुरक्षित रूप से काम करने में सक्षम हों। काम पर उनके समय को कम करने से महिलाओं की नौकरी और उनकी वित्तीय स्वतंत्रता ही खत्म होगी। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जारी अन्य दिशानिर्देशों के अंतर्गत रत्तिरेर शाथी (रात्रि के साथी)' नामक अभियान की शुरुआत की गई है जिसके अनुसार महिलाओं के लिए अलग से विश्राम कक्ष और शौचालय बनाने, सीसीटीवी के साथ सुरक्षित क्षेत्र बनाने और एक विशेष मोबाइल फोन ऐप लॉन्च करने जैसे कई उपाय शामिल हैं, जो कि पहले से ही लागू होने चाहिए थे।

मोबाइल फोन ऐप लॉन्च करने जैसे कई उपाय शामिल हैं, जो कि पहले से ही लागू होने चाहिए थे।

कोलकाता मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए मंगलवार को अपनी सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों और चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा पर गौर करने के लिए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स की घोषणा की। लैंगिक हिंसा हर क्षेत्र में गंभीर चिंता का विषय होनी चाहिए, खासकर अनौपचारिक क्षेत्र में, जहां महिलाएं बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। 2012 के दिल्ली बलात्कार के बाद व्यवस्था में लाए गए व्यापक बदलाव, जैसे कि सख्त कानून और कड़ी सजा, पर्याप्त नहीं हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2022 की वार्षिक रिपोर्ट(अब तक उपलब्ध), बताती है कि भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4.45 लाख मामले दर्ज किए गए। इस हिसाब से हर घंटे लगभग 51 एफआईआर। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने भी कहा है कि प्रोटोकॉल सिर्फ कागजों पर नहीं हो सकते।

2017 में, जब न्यायालय 2012 के दिल्ली बलात्कार मामले में आरोपी चार लोगों की मौत की सज़ा की पुष्टि कर रहा था, तो न्यायमूर्ति आर. भानुमती ने कहा था कि कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के अलावा, समाज की मानसिकता में बदलाव और लैंगिक न्याय के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना महिलाओं के खिलाफ़ हिंसा से निपटने में काफ़ी ज्यादा मददगार साबित होगा। आर.जी. कर बलात्कार के बाद, महिलाओं द्वारा कोलकाता और देश के अन्य हिस्सों में "रिक्लेम द नाईट जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं और उनकी मांग ये है कि रात में महिलाओं के काम करने पर लगाई पाबंदियां हटाई जाये बजाय इसके, उनको सुरक्षित माहौल दिया जाये ताकि वे भी बेखौफ दिन हो या रात हो, अपने अपने कार्यक्षेत्र में सुरक्षित तरीके से काम कर सके और आत्मनिर्भर बनकर परिवार, सोसाइटी देश के लिए योगदान दे सकें। इन सभी घटनाओं से , उनके कारण महिलाओं और पूरे देश में फैले आक्रोश तथा फलस्वरूप हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर सरकार एवं सोसाइटी को नींद से जाग जाना चाहिए और इसे चेतावनी के तौर पर लेना चाहिए एवं अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए इस दिशा मे कड़े से कड़े कदम उठाकर प्रभावी रूप से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चत करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दुबारा न हों।

# सेंसर बोर्ड में पास हुई रजनीकांत की वेट्टैयन, थलाइवा की एक्शन फिल्म को मिला यू/ए सर्टिफिकेट



साउथ मेगास्टार रजनीकांत स्टारर वेट्टैयन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. उनके इस उत्साह को बनाए रखने के लिए बीते सोमवार को मेकर्स ने जहां फिल्म के ट्रेलर रिलीज का एलान किया, वहीं फिल्म के सर्टिफिकेशन के बारे में जानकारी दी है. इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया है.

लाइका प्रोडक्शन हाउस ने वेट्टैयन से रजनीकांत का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म के सर्टिफिकेशन के बारे में बताया है. मेकर ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, हंट सर्टिफाइड है. वेट्टैयन को यू/ए स्टैम्प मिला है. एक्शन से भरपूर एक असाधारण फिल्म के लिए तैयार हो जाइए. वेट्टैयन 10 अक्टूबर को तमिल, तेलुगू, हिंदी और कन्नड़ में रिलीज हो रही है. मेकर्स ने वेट्टैयन के ट्रेलर का एलान किया था. मेकर्स ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर गांधी जयंती के मौके पर रिलीज होगा. इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा है, लक्ष्य निर्धारित है. 2 अक्टूबर को वेट्टैयन का ट्रेलर रिलीज हो रहा है. शिकार को पकडऩे के लिए तैयार हो जाइए. वेट्टैयन रजनीकांत की 170वीं फिल्म भी है. लाइका प्रोडक्शंस की निर्मित फिल्म की शूटिंग चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और तिरुवनंतपुरम समेत भारत भर के कई खूबसूरत स्थानों पर की गई है. 160 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट के साथ, वेट्टैयन साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक होने वाली है. फिल्म में रजनीकांत के साथ बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे.

## खुशी ने कांस्य पदक जीता, जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर काबिज

लीमा, जूनियर विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) में कांस्य पदक जीतकर खुशी ने भारत के पदकों की संख्या 15 तक पहुंचा दी है। भारत के नाम अब 10 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक हैं और वह पदक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। इस युवा खिलाड़ी ने फाइनल में 447.3 अंक हासिल किए और नॉर्वे की कैरोलिन से पीछे रहीं, जिन्होंने 458.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। कैरोलिन की हमवतन सिनोव बर्ग ने 458.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। खुशी क्वालिफिकेशन में 585 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह पक्की की। मुकाबला इतना कड़ा था कि चार अन्य खिलाड़ी भी उसी स्कोर पर थे। हालांकि, खुशी और इतालवी अन्ना शियावोन ने इनर 10–रिंग में 29 शॉट के आधार पर अंतिम दो क्वालीफाइंग स्पॉट हासिल किए,

# डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश: मा लोंग, वांग मान्यु एकल वर्ग के अंतिम 16 में



बीजिंग, चीनी दिग्गज मा लोंग और दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु ने बुधवार को यहां विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चाइना स्मैश में क्रमशः पुरुष और महिला एकल वर्ग के राउंड 32 में जीत दर्ज की। चीन के सबसे सफल ओलंपियन मा का सामना करते हुए 21 वर्षीय चीनी ज़ेंग बेक्सुन ने शुरुआत में 5–1 की बढ़त हासिल की, लेकिन मा ने तेजी से वापसी करते हुए 11–8 से जीत हासिल की। मा द्वारा दूसरा गेम 11–6 से जीतने के बाद, ज़ेंग ने उसी स्कोर के साथ तीसरा गेम अपने नाम किया। अधिक आक्रमक रिटर्न की बदौलत मा ने चौथा गेम 12–10 से जीतकर अंतिम 16 में जगह बनाई। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार,चीन की वांग मान्यु ने जर्मन पैडलर सबाइन विंटर को मात्र 17 मिनट में 11–6, 11–2, 11–8 से आसानी से हराया और अब वह राउंड ऑफ़ 16 में अपनी टीम की साथी 18 वर्षीय किन युक्सुआन से भिड़ेंगी। 25 वर्षीय वांग मान्यु ने खेल के बाद कहा, चीनी युवा खिलाडिय़ों ने शानदार गति दिखाई है, इसलिए मुझे अगली बार कठिनाइयों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। इससे पहले, एक ऑल–चाइनीज महिला युगल मैच में, वाइल्डकार्ड जोड़ी किन और ज़ोंग गेमन ने पांचवी वरीयता प्राप्त वांग मान्यु और कुआई मैन को 11–6, 9–11, 11–7, 11–8 से हराया।

# राजकुमार–तृप्ति की फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का नया गाना मेरे महबूब जारी

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की अपकमिंग फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो सुर्खियों में छाया हुआ है. इस फिल्म का नया गाना रिलीज हो गया है. म्यूजिक कंपोजर की जोड़ी सचिन–जिगर ने विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से अपना शानदार गाना ह्यमेरे महबूब रिलीज किया. गाने के वीडियो में तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव शानदार अंदाज में नजर आ रहे हैं. यह गाना 90 के दशक की पृष्ठभूमि में बनाया गया है, जो फिल्म की पूरी थीम को दर्शाता है.

हाल ही में हुए म्यूजिक लॉन्च इवेंट के दौरान, तेरे वास्ते फेम जोड़ी ने अपने क्रिएटिव प्रोसेस के बारे में बताया. सचिन–जिगर इस गाने के बारे में कहते हैं, हम इस गाने के लिए 90 के दशक की कहानी कहने से प्रेरित थे. पूरी फिल्म में उन पुरानी यादों को ताजा किया गया है और हम चाहते थे कि मेरे महबूब उस भावना के साथ जुड़ सके. हम हमेशा विजु शाह और नदीम–श्रवण जैसे दिग्गजों को अपना आदर्श मानते हैं, जिन्होंने हमें प्रभावित किया है.

इस गाने को इसके कैचिंग बीट और पुराने जमाने पर आधारित पूरे सेटअप के लिए नेटिजेंस से काफी सराहना मिली है. यह गाना फिलहाल सभी म्यूजि?क स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है. टी–सीरीज, बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले ड्रीम गर्ल के निर्देशक राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होगी. तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव की ये फिल्म बॉक्स–ऑफिस पर आलिया भट्ट की जिगरा से टकराएगी. जिगरा का निर्देशन वासन बाला कर रहे हैं.राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के अलावा, कॉमेडी–ड्रामा में विजय राज, मल्लिका शेरावत, अर्चना पूरन सिंह, मुकेश तिवारी, अर्चना पटेल, राकेश बेदी, टिकू तलसानिया और अश्विनी कालसेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं.

## किरण अब्बावरम की फिल्म केए से प्रतिभाशाली अभिनेत्री तन्वी राम का पहला पोस्टर जारी

युवा और प्रतिभाशाली नायक किरण अब्बावरम बहुप्रतीक्षित पीरियड थ्रिलर केए में अभिनय कर रहे हैं। फिल्म में नयन सारिका और तन्वी राम प्रमुख अभिनेत्रियाँ हैं। श्रीमती चिंता वरलक्ष्मी द्वारा प्रस्तुत और श्रीचक्रएंटरटेनमेंट के बैनर तले चिंता गोपालकृष्ण रेड्डी द्वारा निर्मित, केए प्रभाव-शाली उत्पादन मूल्यों का दावा करता है। सुजीत और संदीप की जोड़ी द्वारा निर्देशित, यह फिल्म एक गाँव की पृष्ठभूमि पर आधारित है और एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर का वादा करती है। केए जल्द ही तमिल, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगु में रिलीज़ होगी। तेलुगु रिलीज़ को निर्माता वामसी नंदीपति द्वारा संभाला जाएगा, जबकि नायक दुलकर सलमान इसे अपनी वेफरर फ़िल्म्स के माध्यम से मलयालम में रिलीज़ करेंगे। हाल ही में, फिल्म केए से तन्वी राम के किरदार राधा का पहला लुक सामने आया है तन्वी राम, जिन्होंने पहले 2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म में अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया था,

# पहले टी–20 मैच में ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग–इलेवन, देखें किन्हें मिलेगा मौका

नईदिल्ली, बांग्लादेश के साथ खेली गई 2 मैचों की टेस्ट सीरीज को भारत ने 2–0 से जीतकर अपने नाम कर लिया. अब दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की टी–20 सीरीज शुरू होने वाली है, जिसका पहला मैच 6 अक्टूबर को ग्वालियर में खेला जाएगा. जहां, सूर्यकुमार यादव टीम इंडिया की कप्तानी करते नजर आएंगे. तो आइए आपको बताते हैं कि भारतीय कप्तान प्लेइंग–इलेवन में किन–किन खिलाडिय़ों को मौका देंगे.ग्वालियर में बांग्लादेश के साथ खेले जाने वाले पहले टी–20 मैच में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा पारी की शुरुआत कर सकते हैं. यानी लेफ्ट एंड राइट कॉम्बिनेशन वाली अभिषेक और संजू की ओपनिंग जोड़ी मैदान पर उतरकर अपनी टीम को मजबूत शुरुआत देने की कोशिश करेगी. नंबर–3 पर कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्लेबाजी के लिए आना तय है. भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज के आतिशी शॉट्स का फैंस लुत्फ उठा सकते हैं.बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की ओर से चौथे नंबर पर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं. हार्दिक अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए अहम पारी खेल सकेंगे. हार्दिक बल्लेबाजी के साथ–साथ गेंदबाजी यूनिट का भी अहम हिस्सा होंगे, क्योंकि वह अब पूरी तरह फिट हो चुके हैं और अपने पूरे 4 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं.

5वें नंबर पर शिवम दुबे को बल्लेबाजी के लिए भेजा जा सकता है. डेथ ओवर्स में शिवम तूफानी बल्लेबाजी से विपक्षी टीम के होश उड़ा सकते हैं. यदि शिवम को मौका मिलता है, तो रियान पराग को प्लेइंग–इलेवन से बाहर बैठना पड़ सकता है. स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह परिस्थितियों के अनुसार 6वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आकर फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं.पहले टी–20 मैच में वॉशिंगटन सुंदर और रवि बिश्नोई को स्पिन डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है. वहीं, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और मयंक यादव को पहले टी–20 मैच में खेलने का मौका मिल सकता है. इनके साथ–साथ प्लेइंग इलेवन में मौजूद हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे भी पेस अटैक का साथ देते दिखेंगे.

पहले टी20 में ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग इलेवनः अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और मयंक यादव.

## एक नजर

### ओपन वर्ग में गौरव व अंकिता रावत दौड़े सबसे तेज

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में क्रांस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक वर्ग में गौरव व बालिका वर्ग में अंकिता रावत प्रथम स्थान पर रही।

आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक धीरेंद्र कंडारी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में होने वाली प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहिए, इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान ओपन बालक वर्ग में गौरव कुमार, अनुज नेगी, आयना खान और बालिका वर्ग में अंकिता रावत, ललिता रावत व निकिता, अंडर-14 बालक वर्ग में सूरज कुमार, अमन खान व गिरीराज, बालिका वर्ग में साक्षी, संजना नेगी व गुंजन ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत, लक्ष्मी भट्ट, मान सिंह थापा, गौरव वाल्मिकी, महेंद्र सिंह रावत, राहुल यादव, तेजेंद्र रावत, हेमंत राठी, सिद्धार्थ उनियाल, वीरेंद्र भंडारी आदि मौजूद रहे।

### चुनाव 28 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड के संचालक मंडल में चार रिक्त पदों पर चुनाव 28 अक्टूबर को करवाए जाएंगे। जानकारी देते हुए सचिव विजयपाल सिंह नेगी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। साथ ही इसी दिन शाम चार बजे चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

### बेस चिकित्सालय श्रीनगर में शुरू हुए अल्ट्रासाउंड

श्रीनगर गढ़वाल : बेस चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती हो गई है। डॉ. नूपुर ने ज्वाइन करने के साथ अल्ट्रासाउंड शुरू कर दिए हैं। यहां औसतन चालीस मरीज हर दिन अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंचते हैं। भर्ती मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू होने से राहत मिली है। बेस चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती होने पर मरीजों ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का आभार प्रकट किया है। यहां पूर्व में तैनात रेडियोलॉजिस्ट ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर तैनाती छोड़ दी थी। जिस कारण यह मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड रहा था। (एजेंसी)

### जल्द शुरू होगा गंगा म्यूजियम का काम

श्रीनगर गढ़वाल : कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक डॉ. धन सिंह रावत की पहल पर महिला थाना के पास खाद्यान विभाग की जमीन पर दो सप्ताह के अंदर राज्य के पहले गंगा म्यूजियम का निर्माण कार्य शुरू होगा। 4.39 करोड़ की लागत से बनने जा रहे म्यूजियम से पर्यटक, यात्री अलकनंदा नदी की दीदार करने के साथ ही मां गंगा के इतिहास को भी जान सकेंगे। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। खाद्यान विभाग की भूमि पर बना गोदाम लंबे समय से खंडर पड़ा था। (एजेंसी)

### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : नगर पंचायत कीर्तिनगर की ओर से चलाये गये स्वच्छता ही सेवा जनजागरूकता अभियान की समाप्ति पर कला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर और अधिशासी अधिकारी कीर्तिनगर की उपस्थिति में प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को चौकस रखने वाले पर्यावरण मित्रों को शाल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। (एजेंसी)

### सिद्धपीठ चंद्रवदनी में नवरात्र पूजन शुरु

नई टिहरी : सिद्धपीठ चंद्रवदनी सहित क्षेत्र की शक्तिपीठों में आश्विन शुक्ल प्रतिपदा पर कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र पूजन की शुरुआत हुई। वहीं परम्परागत पूजाएं भी घरों में शुरू हुई। गुरुवार को शारदीय नवरात्र पर सिद्धपीठ चंद्रवदनी में पुजारी पं. शिवप्रसाद भट्ट, पुरोहित आशीष सेमल्टी, प्रबंधक आनंद भट्ट, शक्तिप्रसाद भट्ट आदि ने दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर विधि विधान से कलश स्थापना की गयी। मंदिर पुरोहित पं. आशीष सेमल्टी ने मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री के पूजन के साथ क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने घरों से लाई गए जौ को बोया।

# प्रथम दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गुरुवार से नवरात्र प्रारंभ हो चुके हैं। ऐसे में पहले दिन श्रद्धालुओं ने माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। नवरात्र को लेकर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था। मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। श्रद्धालुओं ने घर व मंदिरों में घट स्थापना कर मां दुर्गा से अपने परिवार व समाज के लिए सुख-शांति की कामना की।

गुरुवार को नवरात्र को लेकर क्षेत्र के मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था। श्री बालाजी मंदिर में मां वैष्णो देवी की गुफा व दिव्य दरबार बनाया गया है। दिव्य दरबार के दर्शन के लिए सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे थे। घरों में भी महिलाओं ने घट स्थापना कर विशेष पूजा अर्चना की। कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी। मंदिर में माता का विशेष पाठ किया गया। शाम के समय मंदिरों में महिलाओं ने सामूहिक कीर्तन भी किया। श्री बालाजी मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित मां वैष्णो देवी गुफा दर्शन कार्यक्रम का शुभांरभ हो गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश एलावादी ने पांच कन्याओं का पूजन कर किया, जिसमें पांचों कन्याओं को फूलमाला, माता की चुनरी व टीका लगाकर उनके ऊपर पुष्प वर्षा की गई। तत्पश्चात पांच कन्याओं को मां वैष्णो देवी गुफा की परिक्रमा करवाई गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी मां वैष्णो देवी गुफा व दिव्य दरबार के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। दिनेश एलावादी ने कहा कि मां वैष्णो देवी का दरबार के प्रतिकृति का दृश्यांकन कार्यक्रम नौ दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें श्रद्धालु मां वैष्णो देवी गुफा के दर्शन कर सकेंगे। इसके अलावा श्रद्धालु नियमित पूजन व आरती में भी शामिल हो सकते है।



कोटद्वार के श्री बालाजी मंदिर में बनाई गई मां वैष्णो देवी की गुफा में माता के दर्शनों को पहुंचे श्रद्धालु

# जल संस्थान कार्यालय में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बुद्धापार्क स्थित जल संस्थान कार्यालय में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पानी का मीटर व फायर हाइड्रेंट नोजल बरामद की है।

इस संबंध में 30 सितंबर को जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता त्रिभुवन सिंह की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। उन्होंने बताया कि रात के समय जल संस्थान कार्यालय का ताला तोड़ बदमाश वहां रखे नई व पुराने मीटर के साथ ही फायर हाइड्रैंट नोजल चोरी हो गए हैं। तहरीर मिलते ही पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में एक युवक ताला तोड़ सामान ले जाते हुए नजर आया। आरोपित की पहचान लकड़ीपड़ाव निवासी सुहैल के रूप में हुई है। बताया कि सुहैल को कौड़िया फाटक के समीप से गिरफ्तार किया गया। सुहैल के पास से दो पुराने पानी के मीटर, 13 हाईड्रेंट नोजल, दो पुराने नल के टुकड़े बरामद किए गए हैं।



पुलिस के हत्थे चढ़ा चोरी का आरोपी

# छात्रों को दी गुलदार के व्यवहार के बारे में जानकारी




**जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन** : वन क्षेत्र अधिकारी लैंसडौन रेंज द्वारा वन्यजीव सप्ताह मनाया जा रहा है। वन जीव सप्ताह 1 से 7 अक्टूबर तक चलेगा। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य मानव वन जीवन संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूकता फैलाना है। गुरूवार को मानव वन जीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम व जागरूकता हेतु पीएम श्री केंद्र विद्यालय लैंसडौन में लिविंग विद लेपर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मनिंदर कौर प्रभागीय वनाधिकारी लैंसडौन ने स्कूली छात्र-छात्राओं को वन एवं वन जीव तथा लेपर्ड के व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी । ताकि मानव वन जीव संघर्ष की घटनाओं को न्यून किया जा सके। गोष्ठी में महिपाल सिंह नेगी वन दरोगा, रमेश चंद्र थपलियाल वन दारोगा, राकेश चंद्र शाह वन क्षेत्र अधिकारी, श्रीमती अक्षिता चौधरी प्राचार्य पीएम श्री केंद्र विद्यालय लैंसडौन, कुलदीप नौटियाल वन दरोगा, प्रवीण सिंह रावत, वन दरोगा आशीष कुमार, सुश्री शीतल, सुश्री काजल, श्रीमती कविता सजवान, अनिल सिंह, अमित असवाल आदि उपस्थित रहे।

# गहड़ नदी में मिला युवक का शव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखंड दुगड्डा के पौखाल क्षेत्र की गहड़ नदी में एक युवक का संदिग्ध हालात में शव मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर राजस्व पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। राजस्व पुलिस के अनुसार बुधवार को पौखाल क्षेत्र में गहड़ नदी में एक युवक के डूबने की जानकारी स्थानीय लोगों ने दी।

ग्रामीणों के साथ राजस्व पुलिस मौके पहुंची। शव को नदी से बाहर निकाला गया। युवक की पहचान बॉबी (22) पुत्र यशपाल निवासी नाली बड़ी गांव के रूप में हुई। मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पहचान होने पर मृतक के परिजनों से संपर्क किया गया। जिस पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। युवा पुत्र की मौत होने पर परिजन विलाप करने लगे। राजस्व पुलिस की ओर से शव का पंचनामा करने की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बेस अस्पताल कोटद्वार भेज दिया गया है।

# जयंती पर महाराज अग्रसेन को किया याद

कोटद्वार : श्री वैश्य अग्रवाल सभा और अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की ओर से गुरुवार को महाराजा अग्रसेन की 5148 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सदस्यों ने महाराज अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

नजीबाबाद चौराहे में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज अग्रवाल वैश्य समाज हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थित दर्ज कर रहा है। समाज के लोग देश में उच्च पदों में एवं राजकीय सेवाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सभा अध्यक्ष सुबोध गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को भगवान राम, कृष्ण एवं महात्मा बुद्ध की भांति त्याग, तपस्या, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक बताया। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। महासंगठन के प्रदेश संयोजक राकेश अग्रवाल ने कहा कि भारत वर्ष की इस धरती पर 5148 वर्ष पूर्व ऐसे मानव का जन्म हुआ था, जिसने लोकतंत्रीय प्रणाली का शुभारंभ किया। उनके राज्य में सभी को अपना धर्म अपनाने व उपासना की स्वतंत्रता थी। उन्होंने ही पशुबलि पर रोक लगाई थी। कहा कि हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाजोपयोगी कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम में संजय मित्तल, महेंद्र अग्रवाल, दिनेश ऐरन, विष्णु अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, पवन ऐरन, आनंद प्रकाश गुप्ता, अशोक अग्रवाल, गोपाल बंसल, विपिन, संदेश, अमिताभ अग्रवाल, राजेश्वर अग्रवाल, सज्जन गर्ग, हरिओम अग्रवाल और श्याम सुंदर अग्रवाल के साथ ही अन्य लोग मौजूद रहे।




आयोजित कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते वक्ता

# रामलीला में हुआ रावण तप का मंचन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : दुगड्डा में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन रावण तप के साथ ही सीता जन्म की लीला का मचन किया गया। रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। लीला का आरंभ समाज सेवी आशीष नेगी और अतुल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात भगवान कृष्ण की झांकी दिखाई गई। उसके बाद लीला के अंतर्गत रावण, कुंभकर्ण व विभीषण का वर मांगना से राजा जनक के घर सीता जन्म होना, राजा दशरथ द्वारा कोई संतान न होने पर व्याकुल होना और ऋषि मुनियों से इस संबंध में कहना, मुनियों द्वारा राजा दशरथ को यज्ञ की सलाह देना, यज्ञ के बाद राजा दशरथ का तीनों रानियों को प्रसाद खिलाना और राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म लेना और चारों भाइयों को मुनि विश्वमित्र के आश्रम में धनुर्विद्या का ज्ञान ग्रहण करने के लिए भेजने तक की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान पात्रों ने अपने अभिनय से दर्शकों को देर रात तक लीला में बांधे रखा। लीला मंचन में रामलीला कमेटी अध्यक्ष प्रदीप बडोला, संदीप कोटनाला, सन्नी राजपूत, नरेंद्र शहनाई, वीरेंद्र शाह, संदीप नेगी और अनूप गुप्ता ने भी सहयोग दिया।

### नौ देवी यात्रा के लिए 31 सदस्यीय दल रवाना

देहरादून। विश्व में शांति के संदेश के साथ वाल्मीकि समाज के 31 युवक 18 वीं नौ देवी यात्रा के लिए गुरुवार को बाल्मिकी मंदिर करनपुर से दोपहिया वाहनों पर रवाना हुए। दल को क्षेत्रवासियों ने मिष्ठान एवं फूल मालाओं के साथ शुभ कामनाएं दी ' इस पूरे नवरात्र में दल नौ देवी यात्रा में नैना देवी, ज्वाला, कोल कंडोली, कांगड़ा, चामुंडा एवं वैष्णो देवी सहित नौ देवी की यात्रा करेगा।

# मूल निवास प्रमाण पत्र की कट ऑफ डेट लागू करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : संयुक्त जनमोर्चा ने प्रदेश में स्थाई निवास प्रमाणपत्र को समाप्त करते हुए 1950 की कट ऑफ डेट लागू करते हुए मूल निवास प्रमाण पत्र व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

मोर्चा ने गुरुवार को डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर जल्द मूल निवास को लागू करने की मांग उठाई है। ज्ञापन में मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश बिष्ट ने कहा कि मूल निवास प्रमाणपत्र न केवल एक कानूनी दस्तावेज है बल्कि यह राज्य के संसाधनों, रोजगार, भूमि, शिक्षा और अन्य सरकारी सुविधाओं में स्थानीय निवासियों को वरीयता प्रदान करने का माध्यम है।

# उत्तराखंड के तन्मय और आदित्य ने जीता सब—जूनियर बैडमिंटन युगल खिताब

देहरादून। आल इंडिया सब—जूनियर प्राइज मनी बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्तराखंड के तन्मय वर्मा और आदित्य नेगी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए युगल वर्ग का खिताब जीता। तन्मय ने एकल वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। 26 सितंबर से एक अक्तूबर तक रांची में आयोजित टूर्नामेंट के युगल फाइनल मुकाबले में तन्मय और आदित्य की जोड़ी ने असम की हर्षित गोगोई और रेहन जमान की जोड़ी को सीधे सेटों में 21—11, 21—12 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले दोनों ने सेमीफाइनल में राजस्थान के वयाम और मनन शर्मा की जोड़ी को 21—14, 21—18 से हराया। इस जीत के साथ तन्मय और आदित्य की जोड़ी ने युगल वर्ग में अपनी देश में सर्वोच्च रैंकिंग को साबित किया। तन्मय वर्मा ने एकल वर्ग में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। सेमीफाइनल में उन्हें तेलंगाना के साथियन रघुनंदन से कड़े मुकाबले में 21—15, 11—21, 21—23 से हार का सामना करना पड़ा। हल्द्वानी के तन्मय और देहरादून के आदित्य बेंगलुरु स्थित प्रकाश पादुकोण बेडमिंटन एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में उनके कोच पल्लव जोशी भी साथ थे। तन्मय और आदित्य की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड स्टेट बैडमिंटन संघ की अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक, सचिव बीएस मनकोटी, नैनीताल जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष रितेश बिष्ट, देहरादून जिला बैडमिंटन संघ के सचिव नरेंद्र भूटानी सहित कई पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।

# महिला मंगल ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण** : आर्य युवक मंगल दल कैन्यूर द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोहा। इस अवसर पर अजय प्रकाश पुत्र बलवीर सिंह को इंजीनियर बनने पर, कोमल पुत्री पप्पू कुमार को उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल 2024 में थलीसैण ब्लॉक में सर्वोच्च अंक हासिल करने, रितिका पुत्री पप्पू कुमार को विद्या भारती द्वारा आयोजित खेलों में प्रांत खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान आनंद नेगी, अमर सिंह, विनीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात महिला मंगल दल द्वारा गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊनी, जौनसारी, राजस्थानी, योग, जागर, पांडव नृत्य, कत्थक, स्वछता पर आधारित नाटक व देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए। इस मौके पर आर्य युवक मंगल दल के पूर्व सचिव पप्पू कुमार ने बताया कि यह आयोजन ग्राम सभा में लगभग 32 वर्षों के पश्चात किया गया है और यह कार्यक्रम छोटे बच्चों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सुनहरा मंच है। आर्य युवक मंगल दल के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, उन्हें उचित मंच दिये जाने की आवश्यकता है। कहा कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर बालम सिंह भंडारी, आशाराम पोखरियाल, संरक्षक गब्बर सिंह, मनवर सिंह, मोहन सिंह, बलवीर सिंह, सुखदेव सिंह, संजय सिंह, सुबोध कुमार, राहुल कुमार, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम सफल संचालन पप्पू कुमार व अरविंद प्रकाश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# पीएम आवास योजना ग्रामीण के अपूर्ण कार्यों में तेजी लाएं : अपर सचिव

## पलायन रोकथाम के लिए हर एक गांव में एक स्वरोजगार मॉडल तैयार करें



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अपर सचिव लोक निर्माण विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग धीराज सिंह गर्ब्याल ने जनपद भ्रमण के दौरान विकास भवन सभागार में विकास कार्यक्रमों/अधिष्ठान से संबंधित प्रकरणों की जनपदवार समीक्षा करते हुए विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मनरेगा की कार्यपूर्ति दर, कृषि सम्बंधी गतिविधियों पर व्यय, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण यूएसआरएलएम के कम्पोनेन्टस में एक सप्ताह के भीतर प्रगति लाते हुए रिर्पोट प्रस्तुत करें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2904 अपूर्ण कार्यों में तेजी लाते हुए एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि पलायन रोकथाम के लिए हर एक गांव में एक स्वरोजगार मॉडल तैयार करें, जिससे अन्य भी उस मॉडल को अपनाकर स्वरोजगार से जुड़ सकेंगे। कहा कि गांव-गांव में रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं और 10 दिन में उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

गुरुवार को आयोजित 13 जनपदों के ग्राम्य विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में अपर सचिव ने परियोजना निदेशकों व जिला विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि मनरेगा में राज्य की कार्यपूर्ति की औसत दर 89.11 प्रतिशत में एक सप्ताह के भीतर प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मनरेगा में जनपदवार जो-जो कार्य हुए है उसका असेसमेन्ट करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने कृषि सम्बंधी गतिविधियों पर होने वाले व्यय 50.75 प्रतिशत को एक पखवाडे के भीतर मिशन मोड़ पर कार्य करते हुए प्रगति लाने को कहा। कहा कि इस योजना में सभी 13 जनपद की प्रगति 40-59 प्रतिशत के भीतर है। जिसमें सर्वाधिक प्रगति 58.86 प्रतिशत रुद्रप्रयाग, जबकि सबसे कम टिहरी 40.22 प्रतिशत के रुप में शामिल है। ग्राम्य विकास कार्यक्रमों के तहत प्रदेश में 107 ग्राम पंचायतें ऐसी बतायी गयी, जिसमें एक भी मानव दिवसों का सृजन नहीं हो पाया है। जिसमें मुख्यतया टिहरी की 69 व नैनीताल जिले की 19 ग्राम पंचायतें शामिल है। इस पर अपर सचिव ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी 10 अक्टूबर तक शत प्रतिशत प्रगति के साथ रिर्पोट प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री पलायान रोकथाम योजना के तहत वित्तीय वर्ष में सभी जनपदों को 2437.52 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई, इसके सापेक्ष 277.73 लाख ही विकास कार्यों में धनराशि खर्च हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, अपर आयुक्त ग्राम्य विकास आर. एस. रावत, उपायुक्त परियोजना प्रकाश रावत, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, रीप परियोजना प्रबंधक कुलदीप बिष्ट, पशुपालन विभाग से डॉ. अशोक कुमार सहित अन्य जनपदों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

### पीएम ग्राम सड़क योजना के लंबित कार्य तत्काल पूर्ण करें

अपर सचिव ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत बोक्सा जनजाति के परिवारों को संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के अभी तक पक्के आवास नहीं बने हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास की सुविधा देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जो कार्य लंबित हैं उन्हें तत्काल पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे आमजनमानस को उसका लाभ समय पर मिल सकेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन स्वयं सहायता समूहों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है उन पर विशेष फोकस करें और अन्य लोगों को भी समूह में जोड़ें।

# सामान्य ज्ञान में शौर्य और गौतम रहे अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : ग्रीन पब्लिक स्कूल सतपुली में गुरुवार को अमर सिंह रावत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में शौर्य बिष्ट ने प्रथम, ईश रावत ने द्वितीय और तनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में गौतम भंडारी पहले, आदित्य रावत दूसरे और वंश गुसाईं तीसरे स्थान पर रहा। इससे पहले मुख्य अतिथि डॉ. रमेश चंद्र डोबरियाल और स्कूल के प्रधानाचार्य संगी कार्यक्रम में डॉ. पंचम सिंह, सौरव सिंह, विपिन कुमार, अजय कुमार, सर्वेंद्र सिंह रावत, सरल देवी, मेनका देवी, बबिता देवी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डी0एल0 नं0- UK 1520190003266 में मेरा नाम भूलवश योगम्बर सिंह के स्थान पर योगम्बर सिंह रावत दर्ज हो गया है। योगम्बर सिंह तथा योगम्बर सिंह रावत एह ही व्यक्ति याने मेरे स्वयं के ही नाम है तथा किसी अन्य व्यक्ति के नाम नहीं है।

**योगम्बर सिंह पुत्र जीतार सिंह**
**निवासी बलभद्रपुर, पट्टी सुखरौ,**
**तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल,**
**उत्तराखण्ड।**
(0477/21)

# मां शैलपुत्री की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : शारदीय नवरात्रि के पहले दिन पौड़ी देवप्रयाग मार्ग पर अंछरीखाल में स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर इस दौरान सुख समृद्धि की कामना की।

मंदिर समिति के व्यवस्थापक राकेश फर्स्वाण, संस्थापक राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गुरुवार की सुबह से ही मंदिर में भक्त मां की पूजा आराधना को लेकर पहुंचे। मंदिर में भजन कीर्तन के साथ-साथ रुद्री पाठ, चंडी पाठ का आयोजन मंदिर में किया जा रहा है। बताया कि अष्टमी को जागरण व नवमी को कन्या पूजन, महाप्रसाद वितरण का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। वहीं, कोट ब्लाक के भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ में प्रथम नवरात्रि को दैनिक पूजन के बाद उपासक मंडल देहरादून के अध्यक्ष राजेंद्र जुयाल, सचिव दुर्गा प्रसाद, प्रबन्धन समिति के सचिव सतीश जुयाल, स्थानीय समिति के अध्यक्ष नवीन जुयाल, सलाहकार अनयुसा प्रसाद, बागवानी बोर्ड के निदेश-क वीरेंद्र जुयाल आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर क्यूंकालेश्वर के छात्रों ने प्रस्तुतियों से सभी को आकर्षित किया। आयोजक समिति उपासक मंडल देहरादून मंडल द्वारा प्रकाशित पुस्तक का भी विमोचन हुआ। इस मौके पर विमल जुयाल, दिनेश जुयाल सौरभ, नवीन ममगांई आदि शामिल रहे।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **निविदा सं0 04/24—25** से **निविदा सं0 07/24—25** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 15.10.2024 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 16.10.2024 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

पत्रांक : 2007/विविखको/टी–6
दिनांक : 03.10.2024

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार**

(CIN) U40109UP2001SG025867/2358 विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## एक नजर

### जिला जजी परिसर के पास दिखा गुलदार, दहशत में लोग

नई टिहरी : शहर में एकबार फिर से गुलदार की चहल कदमी बढ़ गई है। बीते देर शाम जिला जजी परिसर के समीप गुलदार अपने शावकों के साथ दिखाई दिया। जिससे पूल्ड हाउस कालोनी और सर्किट हाउस क्षेत्र में गुलदार की दहशत बढ़ गई है। वहीं वन विभाग ने परिसर के आसपास गश्त बढ़ा दी है। बुधवार देर शाम जिला जजी परिसर के समीप एक गुलदार अपने शावकों के साथ दिखाई दिया। कुछ कार सवार राहगीरों ने मोबाइल पर गुलदार का वीडियो शूट कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। शावकों के साथ गुलदार दिखाई देने की घटना सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। इससे पूर्व करीब डेढ़ से दो साल पहले भी जजी परिसर के समीप गुलदार अपने शावकों के साथ दिन में भी दिखाई दिया था। तब वन विभाग को गुलदार को पकड़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। वहीं फिर से इसी क्षेत्र में गुलदार के दिखने से आस पास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि वीडियो से यह पुष्टि नहीं हो पा रही कि वह न्यायालय परिसर का ही है। हालांकि गुलदार के वायरल वीडियो के बाद वन विभाग ने जजी परिसर के समीप गश्त बढ़ा दी है। (एजेंसी)

### राज राजेश्वरी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नई टिहरी : भिलंगना के बासर, केमर, आरगढ़, गोनगढ़ और भिलंग पट्टी के मध्य प्राचीन सिद्धपीठ मां राजराजेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्रों का आगाज हो गया है। पहले दिन नवरात्र शुरू होते ही मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली। राज राजेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी देवेश्वर प्रसाद नौटियाल व मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नीलम भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड की पावन भूमि पर ढेर सारे पावन मंदिर और स्थल हैं जहां पहुंचते ही असीम शांति का अनुभव होता है। मां दुर्गा के शक्तिपीठों के अलावा उत्तराखंड में मां के इन मंदिरों का भी खास महत्व है। यहां हजारों साल से मां की पूजा-उपासना हो रही है। मां राज राजेश्वरी का पावन शक्तिपीठ इसी हिमालय पर्वत पर स्थित है। श्रीमुख पर्वत, बालखिल्य पर्वत, वाराणावत पर्वत और श्रीक्षेत्र के अंतर्गत मां राज राजेश्वरी के परमधाम का वर्णन मिलता है। मंदिर के मुख्य पुजारी देवेश्वर प्रसाद नौटियाल ने बताया कि सुबह से मंदिरों में पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

### इंदिरा फैलोशिप योजना लांच की

नई टिहरी : शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप पंवार, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लखबीर चौहान,भगत सिंह नेगी ने बताया कि योजना महिलाओं में नेतृत्व विकसित करने के लिए तैयार की गई है। पार्टी ने महिलाओं को संगठन में पचास प्रतिशत तक मौके देने का निर्णय लिया है। बताया कि ग्रामीण से लेकर शहरी महिलाओं को क्लब बनाकर पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा। महिलाओं में लीडरशिप डेवलप कर पंचायत और निकाय चुनाव में पचास फीसदी भागीदारी के साथ मौका दिया जाएगा। महिलाओं के लिए योजना कांग्रेस जमीन पर उतारने का काम करेगी। प्रदेश में यह योजना बीती 29 सितंबर से शुरू कर दी गई है। (एजेंसी)

### सुरजीत को मिली ब्लाक मंत्री की जिम्मेदारी


नई टिहरी : पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा शाखा कीर्तिनगर की बैठक में चार नवंबर को सचिवालय कूच की तैयारियों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष राजीव उनियाल की अध्यक्षता गुरुवार को बीआरसी हाल में मोर्चा की बैठक हुई। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार कर सुरजीत सिंह को ब्लॉक मंत्री, विनोद सिंह चौहान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और शांति देवी को महिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। ब्लॉक अध्यक्ष संदीप मैठानी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पूरी निष्ठा के साथ एक मिशन पुरानी पेंशन के लिए कार्य करने को कहा। (एजेंसी)

### ग्रामीणों ने खोजा व्यू प्वाइंट

पिथौरागढ़ जिले में स्थित स्थानीय ग्रामीणों ने 18 हजार फीट ऊंची लिपुलेख पहाड़ियों पर एक ऐसा व्यू प्वाइंट खोजा जहां से कैलाश पर्वत साफ दिखाई देता है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अफसरों और विशेषज्ञों की टीम ने रोड मैप, लोगों के ठहरने की व्यवस्था, दर्शन के पॉइंट तक जाने का रूट सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सर्वे किया। फिर, केन्द्र सरकार की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद शासन ने 15 सितंबर से ओल्ड लिपुपास को श्रद्धालुओं के लिए खोलने का फैसला लिया।

# शारदीय नवरात्र शुरू, निकाली भव्य शोभा यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

**जयन्त प्रतिनिधि।**



सतपुली : शारदीय नवरात्र के पावन शुभ अवसर पर आदिशक्ति मॉं भुवनेश्वरी मंदिर सांगुड़ा मंदिर में विगत वर्षों की भांति मां भुवनेश्वरी मंदिर विकास मिशन एवं पूजा सेवा समिति के तत्वावधान में सभी भक्तों ने हर्षोल्लास से प्रथम दिवस में नारद गंगा में माँ की चल मूर्ति स्नान के साथ बिलखेत चौक से माँ भुवनेश्वरी मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा निकाली। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य नागेंद्र मोहन सैल्वाल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। पाठार्थी ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ एवम हवन प्रारंभ किया गया। सभी भक्तो को माँ का भोग प्रसाद वितरण किया गया। सभी भक्तों की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर मां भुवनेश्वरी विकास मिशन के अध्यक्ष मदन सिंह रावत ने कहा कि मां भुवनेश्वरी मंदिर में सभी भक्तों की आस्था है। उन्होंने सभी भक्तों से शारदीय नवरात्र पर मां भुवनेश्वरी मंदिर में आयोजित दस दिनों तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान को शांति पूर्वक आयोजन में सहयोग की अपील की। वहीं मां भुवनेश्वरी पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह नेगी ने कहा कि पूजा सेवा समिति पौराणिक रीति-रिवाजों को जीवंत बनाएं रखने के लिए समय-समय आयोजन करती रहेगी। इस दौरान सतपुली थाना प्रभारी दीपक तिवारी, राजस्व निरीक्षक सुदामा सिंह रावत ने भी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस मौके पर महेंद्र सिंह राणा ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल, मां भुवनेश्वरी मंदिर मिशन के अध्यक्ष मदन सिंह रावत, गेंद मेला विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह नेगी, पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह नेगी, सचिव सचिव कैलाश थलेड़ी, मंदिर समिति के सचिव सोम नैथानी, कोषाध्यक्ष आलोक रावत, ग्राम प्रधान बिलखेत श्रीमती सुमित्रा देवी, ग्राम प्रधान धारी मदन सिंह रावत, पूर्व प्रधान मरोड़ा सुबोध नेगी, मनोज नैथानी, ओमप्रकाश नैथानी, दिग्विजय रावत, अशोक रावत, कोमल सिंह रावत, सुनील नैथानी आदि भक्त उपस्थित रहे।

## डाकघरों में बाहरी राज्यों के युवाओं के चयन का विरोध

देहरादून। चमोली जिले में डाक विभाग के ब्रांच पोस्ट मास्ट और असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर के पदों पर बाहरी राज्यों के युवाओं के चयन का उत्तराखंड क्रांति दल ने विरोध किया है। आरोप लगाया कि उत्तराखंड में बाहरी राज्यों के युवाओं को रोजगार देकर यहां के मूल निवासियों के हक डाका डाला जा रहा है। डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर भर्ती पर रोक लगाने की मांग की है और पर्वतीय राज्य उत्तराखंड के लिए भर्ती की अलग नीति बनाने की मांग की है। केंद्रीय महामंत्री बृजमोहन सजवान ने कहा कि चमोली और रुद्रप्रयाग में डाक विभाग के माध्यम से ब्रांच पोस्ट मास्टर और असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर के 160 पदों पर मेरिट के आधार पर भर्ती हुई है, इसमें 157 पदों पर हरियाणा और पंजाब के युवाओं का चयन हुआ है, सिर्फ तीन पदों पर उत्तराखंड के अभ्यर्थी भर्ती हुए हैं, जो अनुसूचित जाति के हैं, जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है।

# उत्तराखंड में बिजली चोरी रोकने को यूपीसील लगाएगा स्मार्ट मीटर

देहरादून। यूपीसीएल की ओर से राज्य के 15.88 लाख घरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिलों के झगड़े खत्म होंगे। बिजली चोरी पर लगाम कसने में मदद मिलेगी। पिटकुल से यूपीसीएल के पास पहुंचने वाली बिजली की एक–एक यूनिट का हिसाब किताब ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। उत्तराखंड में इस समय लाइन लॉस, बिजली चोरी के कारण हर साल राज्य को एक हजार करोड़ से अधिक का सीधा नुकसान होता है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद जैसे ही बिजली पिटकुल के फीडर से यूपीसीएल के 33 केवी सब स्टेशन में पहुंचेंगी, तो वहां लगे स्मार्ट मीटर में पूरा रिकॉर्ड आ जाएगा। बिजली उपभोक्ता जितनी बिजली खर्च करेंगे, उनका उतना ही बिल आएगा। मीटर तेज चलने, रीडिंग सही न आने की शिकायतें बंद होंगी। बिल ठीक कराने, चेक मीटर लगाने को उपभोक्ताओं को यूपीसीएल के चक्कर नहीं काटने होंगे। खासतौर पर सरकारी बिजली कनेक्शनों के मामले में सबसे अधिक दिक्कत पेश आती है। अब बिल वसूलने को उपनल कर्मचारियों समेत प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारियों को नहीं लगाना होगा।

**कंपनियों को फायदा पहुंचाने की चाल है स्मार्ट मीटरः आर्य**

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार की ओर से उपभोक्ताओं के घरों बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर पहले से लगे मीटर क्यों हटाए जा रहे हैं, उसमें क्या त्रुटि है और स्मार्ट मीटर में क्या खूबी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के दबाव में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाना चाहती है। मीडिया को जारी बयान में आर्य ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से स्मार्ट मीटर के विरोध की खबरें आ रही हैं। जिन राज्यों में जहां स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां उपभोक्ताओं की शिकायत का अंबार है।

**स्मार्ट मीटर प्रदेश की अर्थिकी के लिए जरूरीः खजान दास**

भाजपा ने बिजली के स्मार्ट मीटर को उपभोक्ताओं और प्रदेश की आर्थिकी के लिए जरूरी बताया। भाजपा प्रवक्ता और विधायक खजान दास ने नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को झूठ एवं राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि कांग्रेस को विद्युत चोरी रुकने या लोगों को अच्छी सुविधाएं मिलने मे कोई रुचि नहीं है।

# राज्य आंदोलन में शहीद राजेश रावत के बलिदान को याद किया

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलन में शहीद हुए राजेश रावत और दीपक वालिया को गुरुवार को श्रद्धांजलि दी गई। रामपुर तिराहा कांड के विरोध में उग्र हुए आंदोलनकारियों पर 03 अक्तूबर 1994 को देहरादून के करनपुर और जोगीवाला में गोलियां चलाई गई थीं। जिसमें दोनों युवा राज्य आंदोलनकारी शहीद हो गए थे। रायपुर रोड, अधोईवाला के रिस्पना पुल स्थित शहीद राजेश रावत के स्मारक पर बड़ी संख्या में राज्य आंदोलनकारी, राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारी पुष्पाजंलि अर्पित करने पहुंचे। पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि राजेश रावत ने राज्य आंदोलन में अपनी सक्रिय भागेदारी निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। हम उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकते हैं। महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा राजेश रावत और उन जैसे आंदोलनकारियों के बलिदान ने पृथक राज्य की नींव रखी है। डीएवी महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी वीरेंद्र पोखरियाल ने कहा कि युवाओं ने राज्य आंदोलन में अपने प्राणों की तक बाजी लगाकर भागेदारी की और राजेश रावत ने अलग राज्य के खातिर सर्वोच्च बलिदान दिया। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी रविंद्र जुगराण ने कहा कि रामपुर तिराहा हो या फिर करनपुर, जोगीवाला, खटीमा, मसूरी या श्रीनगर कांड। इनके दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। श्रद्धांजलि देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सूद, छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय प्रताप मल्ल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महिपाल शाह, कुलदीप कोहली, ओमप्रकाश सती बब्बन, राज्य आंदोलनकारी मोहन खत्री, दीप बोहरा, जाकिर हुसैन, हरदीप सिंह लक्की, विकास शर्मा, संजय वर्मा, जमाल अहमद, राजेंद्र सिंह लिंगवाल, अंबुज शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर मसूरी में छात्रों को नवाजा

देहरादून। अग्रवाल महासभा मसूरी की ओर से गुरुवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती पर मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। अपर मालरोड लंढौर स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पूजा अर्चना और आरती के साथ प्रसाद बांटा गया। सनातन धर्म गर्ल्स इंटर कालेज की छात्राओं ने डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दीं। इस मौके पर आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ दवा बांटी गई। कार्यक्रम में अग्रवाल महासभा ने हाल में पीसीएस अधिकारी बनी काव्या को भी सम्मानित किया। महासभा मसूरी के अध्यक्ष अनुज तायल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज के हर वर्ग को समानता देने की बात कही थी और उसी पर अग्रवाल महासभा आगे बढ़ रही है। इसी आदर्श को समाज में स्थापित करने के लिए अग्रवाल समाज सेवा कार्य को करता आ रहा है।

# जहां गांव की सड़क बंद है वहां घोड़े खच्चर से पहुंचाएं राशन



चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गुरूवार को वीसी के माध्यम से जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि सड़क अवरूद्ध होने के कारण जिन गांवों में राशन नही पहुंचा है, वहां पर घोडे-खच्चर के माध्यम से 04 अक्टूबर तक राशन पहुंचाना सुनिश्चित करें। कहा कि इसमें कोई लापरवाही न हो इसका ध्यान रखा जाए।

घोड़े-खच्चर के ढुलान भाडे का पटवारी और ग्राम प्रधान से सत्यापन कराते हुए बिल उपलब्ध करें। समीक्षा के दौरान पूर्ति निरीक्षकों से गोदामों की स्थिति, दुकानों का निरीक्षण और विभागीय योजनाओं के बारे में सटीक जानकारी न मिलने पर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षकों को सख्त हिदायत दी कि अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाए और सक्रियता के साथ फील्ड में काम करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि गांव की खुली बैठकों में प्रतिभाग करें। जिन लोगों के राशन कार्ड नहीं बने है, उनके राशन कार्ड बनाए जाए। फर्जी राशन कार्ड बंद करें। सप्ताह में कम से कम दो तीन सस्ता गल्ला दुकानों का निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट दें। गैस आपूर्ति करने वाले वाहनों की नियमित चेकिंग करते हुए गैस सिलेंडर में घटतौली की शिकायतों को दूर करें। होटल एवं ढाबों में घरेलू सिलेंडर के उपयोग पर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

पेट्रोल पंपों का समय-समय पर निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्ति निरीक्षक के स्तर की छोटी-छोटी शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षकों से गोदामों की स्थिति, राशन वितरण और ऑनलाइन पोर्टल पर डाटा अपडेशन आदि कार्यों की समीक्षा की।

# राइका सरमोला पहली बार बनेगा उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का केन्द्र



चमोली : उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा वर्ष-2025 की तैयारियों को लेकर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में परिषदीय परीक्षा केन्द्र निर्धारण समिति की बैठक हुई।

जिसमें नवीन परीक्षा केन्द्रों के लिए मिले प्रस्तावों, संवेदनशील एवं अधिक दूरी वाले परीक्षा केन्द्रों पर विचार विमर्श एवं चर्चा की गई। परिषदीय परीक्षा के लिए दो नए केंद्र बनाने का प्रस्ताव मिले थे। जिसमें से मानकों के अनुसार सही पाए जाने पर पोखरी ब्लाक में राइका सरमोला को इस बार नया परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर समिति ने सहमति व्यक्त की। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर विद्युत, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर इत्यादि व्यवस्थाओं की भली भांति जांच कर ली जाए।

जहां पर कोई कमी है, उसे समय रहते उसको दूर करें। प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि इस वर्ष 2025 में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के लिए 107 केंद्र बनाए जाएंगे। जनपद के 9947 छात्र-छात्राएं इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगें। इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में 2514 बालक तथा 2423 बालिकाओं सहित कुल 4937 छात्र शामिल होंगें। इंटरमीडिएट परीक्षा में 2565 बालक तथा 2445 बालिकाओं सहित कुल 5010 विद्यार्थी शामिल होगे। जिले में दूरी के कारण 06 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। अतिसंवेदनशील में कोई भी परीक्षा केन्द्र नही है। राइका गोपेश्वर, कर्णप्रयाग तथा थराली को संकलन केन्द्र बनाया गया है। बैठक में एसडीएम पोखरी कमलेश मेहता, एसडीएम गैरसैंण एसके पांडेय, प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, प्रधानाचार्य राइका माणा घिघराण राकेश चन्द्र थपलियाल सहित वर्चुअल माध्यम से सभी खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

## पार्षदों ने डीएम को बताई खराब स्ट्रीट लाइट की समस्या

देहरादून। नगर निगम के निवर्तमान पार्षद गुरुवार को डीएम सविन बसंल से मिले। उन्होंने वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट समेत अन्य समस्याएं डीएम के समक्ष रखी। डीएम से जल्द ही समस्याओं के समाधान की मांग की है। निवर्तमान पार्षदों ने बताया कि वार्डों में कुछ महीनों से स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। इसकी शिकायत कई बार नगर निगम से की जा चुकी है।

अधिकारी या तो फोन नहीं उठाते हैं या फोन बंद रखते हैं। लाइटें खराब होने से लोगों का गुस्सा सरकार और नगर निगम के प्रति बढ़ रहा है। विकास के काम भी अटके हुए हैं, अभी तक अधिकारी बारिश का बहाना बना रहे थे, लेकिन अब बारिश थमने के बाद भी काम शुरू नहीं हो रहे हैं। घर–घर से कूड़ा कलक्शन भी ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। छोटी गलियों में ई रिक्शा और छोटी गाड़ियों का प्रस्ताव फाइलों से बाहर नहीं निकल पाया।

## फूड वॉरियर्स ने टैक्स फ्लिकर्स को 111 रनों से हराया

देहरादून। डिपार्टमेंट प्रीमियर लीग में गुरुवार को फूड वॉरियर्स ने टैक्स फ्लिकर्स को 111 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। डिपार्टमेंट क्रिकेट डेवलपमेंट कमिटी ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में आयोजित तीसरे संस्करण के दूसरे दिन टॉस जीतकर टैक्स फ्लिकर्स फूड वॉरियर्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। फूड वॉरियर्स की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 217 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। मृणाल रावत ने 25 गेंदों पर 51 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं अभिषेक शर्मा ने 30 गेंदों पर 50 रन और अर्जुन पुन ने 32 गेंदों पर 47 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। टैक्स फ्लिकर्स की ओर से रूबल पंवार ने 3 विकेट और सुमित ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टैक्स फ्लिकर्स की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। फूड वॉरियर्स के गेंदबाजों के सामने टैक्स फ्लिकर्स की पूरी टीम 17 ओवर में मात्र 106 रनों पर ढेर हो गई। टैक्स फ्लिकर्स की ओर से कप्तान दरमन थापा ने 27 रन और आनंद शुक्ला ने 48 रनों का योगदान दिया। फूड वॉरियर्स के गेंदबाज राजेंद्र ओली और संजय कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3–3 विकेट अपने नाम किए।

## इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जल्द बनेंगे चार्जिंग स्टेशन

देहरादून। शहर में जल्द ही मल्टीपल इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बन जाएंगे। पीपीपी मोड पर चार्जिंग स्टेशन के लिए टेंडर जारी हो गए हैं। डीएम सविन बसंल ने एक सप्ताह पहले इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने के निर्देश दिए थे। डीएम के निर्देश पर शहर में चार्जिंग स्टेशनों के लिए जगहों का चयन किया गया।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया पंचकुला, हरियाणा में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को चंडी मंदिर मिलिट्री स्टेशन, पंचकुला, हरियाणा में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद किया। सैनिकों से मुलाकात कर उनके कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा ईसीएचएस और सीएसडी सुविधाओं में आ रही परेशानियों, पूर्व सैनिकों की पेंशन की समस्याओं, पूर्व सैनिकों के अनुभवों और उनकी सेवाओं को लाभ लेने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा की पूर्व सैनिक मेरा विस्तारित परिवार है उनकी समस्याओं का समाधान के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी सुझावों को सक्षम स्तर तक पहुंचाने और यथासंभव उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि हर एक पूर्व सैनिक देश एवं समाज के लिए कुछ न कुछ योगदान देने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अग्निवीरों का प्रशिक्षण और उनकी क्षमता उच्चतम स्तर की है, जिससे सेना में युवा ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने इस योजना को राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया, क्योंकि यह न केवल सशस्त्र बलों में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाएगी, बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि अग्निवीरों को प्रशिक्षित करने वाले कई कमांडरों से वार्ता की है इस दौरान उन्होंने अग्निवीरों के जज्बे और प्रशिक्षण को अद्भुत बताया।

इससे पहले राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पश्चिम कमान के स्वर्णिम इतिहास को दर्शाते संग्रहालय का भ्रमण किया। यहां उन्होंने संग्रहालय के दस्तावेजों, अभिलेखों और यादगार वस्तुओं का अवलोकन किया। इस ऐतिहासिक महत्व के संग्रहालय को देखकर कहा की यह देखकर गर्व का अनुभव हुआ की 21 में से 11 परमवीर चक्र इसी कमान को मिले हैं। उन्होंने वीर जांबाजों को नमन कर उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया।

# 56 साल बाद पहुंचा शहीद सैनिक का पार्थिव शरीर गांव



चमोली : चमोली के कोलपुड़ी गांव निवासी शहीद नारायण सिंह का गुरुवार को उनके पैतृक घाट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद नारायण सिंह को उनके भतीजे जयवीर सिंह व सुजान सिंह ने मुखाग्नि दी।

बता दें कि चमोली के थराली ब्लॉक स्थित कोलपुड़ी गांव निवासी नारायण सिंह भारतीय सेना में सिपाही के पद पर तैनात थे। जिसके चलते 07 फरवरी 1968 को भारतीय वायु सेना के विमान से नारायण सिंह 102 अन्य जवानों के साथ चंडीगड़ से लेह जा रहे थे। इस दौरान रोहतांग दर्रे के पास वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में सवार सभी 102 जवान शहीद हो गए थे। जिनकी तलाश के लिए सेना काफी लंबे समय तक सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इससे पहले 2003 में भी पांच जवानों के पार्थिव शरीर मिले थे। साल 2018 में भी एक जवान का पार्थिव शरीर बरामद हुआ था।

# डीएम ने ली स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों की मांगों के संबंध में बैठक

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गुरुवार को एनआईसी कक्ष में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों की मांगों के संबंध में बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों के सभागारों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की फोटो चस्पा करने तथा जनपद अंतर्गत आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों को बुलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने डीपीआरओ को वीपीडीओ के माध्यम से ग्राम पंचायत भवनों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की फोटो लगाने के निर्देश दिए। राइका नन्दप्रयाग के मुख्य गेट का निर्माण गढ़केसरी श्री अनुसूया प्रसाद बहुगुणा किए जाने संबंधित प्रकरण में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता आरडब्लूडी को आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए। वहीं अपर जिलाधिकारी को तलवाडी विजयपुर सड़क के निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों की मुख्य मांगों में चौराहों, मोटर मागी का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से किया जाए और मोटर मार्गों पर उनके नाम का बोर्ड भी लगाया जाय। उनको राष्ट्रीय कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भजन सिंह तोपाल राइका कनखुल में वॉउन्ड्री वॉल का निर्माण किया जाए। नन्दासेंण मालयी मोटर मार्ग का डामरीकरण किया जाए। तलवाड़ी विजयपुर सडक के डामर उखडने, नालियों के चोक होने तथा पुश्तों की खस्ताहाल स्थिति को लेकर अवगत कराया। इस दौरान एडीएम विवेक प्रकाश, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित सहित सभी इओ व तहसीलदार वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## बधिर छात्रों ने क्विज और ड्राइंग प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह का गुरुवार को राजपुर रोड स्थित वर्ल्ड इंटीग्रिटी सेंटर (डब्ल्यूआईसी) में शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बधित छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखाया। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक गीता राम नौटियाल ने किया। उन्होंने इस तरह के आयोजन की तारीफ की और कहा कि संवाद के अधिकार के लिए यह बहुत जरूरी है। जीवी रेड्डी ने बधिरों के प्रति देश और दुनिया की स्थिति को रखा। इस मौके पर ड्राइंग प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में नन्ही दुनिया की जानवी ने प्रथम, अनुश्रुति एकेडमी फॉर डेफ रुड़की की आरुषि ने द्वितीय और बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग के ओजस डोभाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## गर्भवती महिलाओं का होगा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में रजिस्ट्रेशन

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूडी ने महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रदेशभर में 4 अक्टूबर से अगले 15 दिन तक अभियान चलाकर असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत गर्भवती महिलाओं, निर्माण स्थलों में काम करने वाली गर्भवती महिला श्रमिकों व घरेलू नौकरों के रूप में कार्यरत तथा शहरी मलिन बस्तियों में निवासरत गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) में पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए हैं। सीएस रतूडी ने निर्धारित समयसीमा के भीतर असंगठित क्षेत्र में कार्यरत विशेष रूप से कम आय वर्ग की सभी गर्भवती महिलाओं की पीएमएमवीवाई की शत् प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने श्रम विभाग को कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने सचिव शहरी विकास को शहरी निकायों में कार्यरत कार्मिकों विशेषकर कम आय वर्ग वाले कर्मचारियों एवं सफाई कर्मचारियों को ईएसआई कवरेज सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में तत्काल समीक्षा बैठक कर इस सम्बन्ध में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महिला एवं बाल विकास विभाग को एएनएम द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं के तीन एएनसी अनिवार्यतः करने तथा गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान होने वाली मृत्यु का अनिवार्य रूप से डेथ ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में विशेषरूप से मलिन बस्तियों एवं निर्माण स्थलों के निकट आंगनबाडियों की मैपिंग के निर्देश दिए हैं, ताकि पांच वर्ष की आयु से छोटे बच्चों में कुपोषण व कम वजन की समस्या का समाधान एवं गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं व विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com